दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शनिवार 14 दिसंबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 355 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

### लोकसभा में बोले राजनाथ सिंह

## संविधान किसी पार्टी की देन नहीं, यह राष्ट्र बनाने का रोडमैप

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में संविधान पर बहस की शुरूआत की। यह बहस संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने संविधान की सराहना करते हुए इसे देश को एकजुट, लोकतांत्रिक और आत्मनिर्भर बनाए रखने का रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि संविधान सभा द्वारा तैयार संविधान सिर्फ कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने साफ तौर पर पर कहा कि हमारा संविधान सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं को छूते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। बिना नाम लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि संविधान निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका को जानबूझकर नकारा गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि एक पार्टी विशेष द्वारा संविधान निर्माण के कार्य को हाईजैक करने की कोशिश की गई है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मुझे गौरव की अनुभूति है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास की भावना से काम कर रही है।



रक्षा मंत्री ने कहा कि हम भारत के लोगों ने 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मैं इस सदन को और देश के सभी नागरिकों को हृदय से बधाई देता हूं। मैं कह सकता हूं कि हमारा संविधान सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं को छूकर राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है।




## नगर निगम ने बेसहारा लोगों को ठंड से बचाने के लिए रैन बसेरों को किया है पूरी तरह व्यवस्थित

### मंडल आयुक्त ने किया निरीक्षण और कहा आश्रय स्थलों में लगाये जायें हीटर





#### नगर आयुक्त ने बताया आश्रय स्थलों के अलावा की गई है अलाव की व्यवस्था



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा आश्रय स्थलों के साथ-साथ अलाव की व्यवस्था के बारे में भी मंडलायुक्त को बताया गया, जिसके क्रम में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था गाजियाबाद नगर निगम द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति वर्ष भी की जा रही है जिससे रहागिरियों को भी रहता है आश्रय स्थलों पर साफ सफाई तथा अलाव की व्यवस्था को सुचारु किया जा रहा है रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, आश्रय स्थलों में रुकने वालों का रजिस्टर में एंट्री करने पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश जोनल प्रभारी को दिए गए।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मेरठ मंडलायुक्त द्वारा नगर आयुक्त के साथ गाजियाबाद नगर निगम के आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया, कौशांबी ईडीएम मॉल के पास स्थाई रैन बसेरे पहुंच कर संबंधित टीम के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

मौके पर दो निराश्रित आश्रय स्थल में मिले मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी नजारत डॉ अनुज भी उपस्थित रहे।

गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत निराश्रितों के लिए ठंड से बचाव हेतु आश्रय स्थलों को व्यवस्थित किया गया है। जिसमें मंडलायुक्त महोदया द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ मिली। महिला तथा पुरुष दोनों के लिए अलग-अलग बने हुए कंपाउंड में निरीक्षण किया गया। ठंड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था बिस्तरों की व्यवस्था को देखकर गाजियाबाद नगर निगम की प्रशंसा जाहिर की गई, पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था को भी देखा गया, नियमित सभी आश्रय स्थलों में फागिंग की व्यवस्था को सुचारु करने के लिए निर्देश विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग को दिए गए।

#### मंडल आयुक्त ने रैन बसेरों में व्यवस्था देखकर की नगर निगम की प्रशंसा

**करंट क्राइम।** मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे. ने गाजियाबाद में बेसहारा बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिए नगर निगम द्वारा बनाये गये आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अलाव की व्यवस्था के साथ-साथ जब आश्रय स्थल में बिस्तरों की व्यवस्था देखी तो उन्होंने नगर निगम की प्रशंसा की। पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था को देखा गया। इस बार नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में रैन बसेरों की व्यवस्था में काफी सुधार है। जहां ठंड से बचाव के लिए अलाव हैं वहीं यहां रहने वाले लोगों को मच्छर जनित बीमारियां ना हो इसके लिए फॉगिंग की व्यवस्था है। सार्वजनिक स्थानों पर नगर निगम अलाव जला रहा है। सबसे बड़ी बात ये है कि इन आश्रय स्थलों में रूकने वाले लोगों का एक डाटा भी रखा जा रहा है। आश्रय स्थल में रूकने वाले प्रत्येक व्यक्ति की रजिस्टर में एन्ट्री होती है और उसी के बाद वह आश्रय स्थल पर रूक सकता है। जोनल प्रभारियों को भी इस व्यवस्था को बनाये रखने के लिए विशेष ध्यान देने के निर्देश जारी किये गये है।

### साइबर ठगी पर होगा अब मल्टीप्लेक्स से बचाव

## एडीसीपी क्राइम ने शुरू करवाया शहर के सिनेमाघरों में साइबर ठगी के बचाव का प्रचार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साइबर ठगों का आतंक बढ़ रहा है और साइबर ठगी के मामलों में भी इजाफा हो रहा है। यूपी पुलिस और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद साइबर ठगी को रोकने के लिए अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नई पहल शुरू की गई है। जिसके तहत एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने शहर के मल्टीप्लेक्स और सिनेमाघरों में साइबर ठगी से बचाव वाली शॉर्ट फिल्म चलवानी शुरू कर दी है। इसकी शुरूआत शुक्रवार से कर दी गई है।उन्होंने बताया है कि प्रमुख फिल्मों के दौरान साइबर ठगी से बचाव वाली शॉर्ट फिल्म दिखाई जाएगी ताकि लोग जागरुक हों और वह साइबर ठगों का शिकार होने से बच सकें।

#### जल्द प्रमुख चौराहों पर दिखाई जाएगी शॉर्ट क्लिप

करंट क्राइम । पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत अधिकारियों की प्लानिंग हो रही है कि शहर के प्रमुख चौराहों पर जो मल्टीमीडिया स्क्रीन लगी हुई है, उन पर साइबर ठगी रोकथाम और जागरूकता करने के लिए शॉर्ट क्लिप चलाई जाए ताकि लोग जब रेड लाइट पर एक मिनट के लिए खड़े हो, तो वह इसे देखें और अपने जीवन में इसे अपनाने का भी कम करें ताकि वह साइबर ठगों और ठगी के अलग-अलग हथकंडो से बच सकें।

#### स्कूलों, कॉलेजों और कार्यालयों में दी जा रही है साइबर ठगी से बचाव की वर्कशॉप



करंट क्राइम । एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने जानकारी दी है कि साइबर ठगी में रोकथाम लाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। तो वही साइबर ठगी से बचाव के लिए स्कूलों,, कॉलेजों और कार्यालयों में वर्कशॉप भी आयोजित की जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में आम लोगों की सहभागिता कराई जाती है ताकि वह साइबर ठगों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथकंडो को पहचाने और खुद का बचाव करें। उन्होंने जानकारी दी है कि इसके साथ ही रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को जागरूक करने के लिए अलग-अलग सोसाइटियों में भी इस तरीके के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

## गाजियाबाद कचहरी में आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार आज प्रात 10.00 बजे स्थान जिला एवं शस्त्र न्यायालय जिला कचहरी गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जनपद गाजियाबाद में जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद अनिल कुमार-7 के निर्देशन में लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस लोक अदालत में आपराधिक शमनीय बाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम श्रम विवाद भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वादकारी दीवानी, फौजदारी के लघु मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बैंक रिकवरी, मोटरयान चालान, पारिवारिक विवाद, उत्तराधिकार बाद एवं दांपत्य विवादों के प्री- लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण हेतु वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कर सकते हैं।

## चुनाव घोषणा पत्र में मतदाताओं के एक वर्ग को धन का लालच देकर उनका वोट प्राप्त करना भी अपराध होना चाहिए : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केजरीवाल की रेवड़ियां बांटने की आलोचना खूब हुई। लोग सर्वोच्च न्यायालय तक गए कि टैक्स पेयर का धन वोट पाने के लिए नहीं बंटना चाहिए।

संभवतः सर्वोच्च न्यायालय में अभी इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ लेकिन अब सभी राजनीतिक पार्टियां रेवड़ियां बांटने लगीं। मतदाता को धन का लालच देकर वोट देने के लिए उकसाना पब्लिक रिप्रजेंटेशन एक्ट में अपराध है। अगर कोई व्यक्ति धन बांटता पकड़ा जाए, तो उस पर केस दर्ज होगा और अगर कोई प्रत्याशी या उसके एजेंट द्वारा धन के वितरण का प्रमाण मिल जाए तो जीते हुए प्रत्याशी का चुनाव रद्द हो सकता है। लेकिन खुल्लमखुल्ला चुनाव घोषणा पत्र में मतदाताओं के एक वर्ग को धन का लालच देकर उनका वोट प्राप्त करना भी अपराध होना चाहिए।

**सभी राजनीतिक पार्टियां रेवड़ियां बांटने लगीं। मतदाता को धन का लालच देकर वोट देने के लिए उकसाना पब्लिक रिप्रजेंटेशन एक्ट में अपराध है।**



समाज के गरीब, कमजोर वर्ग के उत्थान का दायित्व सरकारों का है लेकिन चुनावों के दौरान इसका लालच देकर वोट प्राप्त करना अनैतिक तो है ही असंवैधानिक भी होना चाहिए। कम-से-कम नकद धन देने की घोषणा पर तो प्रतिबंध लगना चाहिए। दुर्भाग्य से न तो चुनाव आयोग इसका संज्ञान लेता है और न सर्वोच्च न्यायालय इसका संज्ञान लेता है।

# सर्दी का मौसम और विंटर वेकेशन बढ़ाएगा पुलिस का सिर दर्द

## घरों, फ़्लैट्स और बाजारों में फिर बढ़ेगा चोरी का ग्राफ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : मौसम बदलता है तो अपराध का अंदाज और रिकॉर्ड भी घटना और बढ़ता है। सर्दी का सीजन शुरू हो गया है, कुछ दिनों में जहां विंटर वेकेशन शुरू हो जाएगी। तो वहीं सर्दियों में लोग अपने गृह जनपदों के अलावा घूमने और क्रिसमस से लेकर नए साल की जश्न को मनाने के लिए अपने घरों से बाहर जाते हैं। यह समय चोरों और घरों में वारदात करने वाले गिरोहों के लिए बेहद खास बन जाता है। दरअसल सर्दियों में रात सुनसान होती हैं और कोहरा चोरों व अपराधियों को एक्स्ट्रा कवच प्रदान करता है। लिहाजा सर्दियों के दिनों में फ्लैट्स, घरों, बाजारों और बड़े शोरूमों में चोरी का ग्राफ बढ़ जाता है। जो पुलिस की टेंशन को बढ़ाने का काम करता है।

चोर सुनसान इलाकों से लेकर हाई राइज बिल्डिंग और बाजारों के प्रमुख शोरूम को अपना निशाना बनाते हैं। चोरी की यह बढ़ती वारदातें पुलिस और क्राइम कंट्रोल प्लान पर प्रहार करने जैसा होता है। चोरी रोकथाम को लेकर पुलिस के अधिकारियों ने कमिश्नरेट जोन के तीनों ही सर्किल के प्रभारी को वारदातों में अंकुश लाने का निर्देश दिया है। तो एसीपी स्तर के अधिकारियों ने थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को रात में अतिरिक्त मुस्तैदी और गश्त बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया गया है।

### छुट्टी होने पर बढ़ जाएगा चोरी का ग्राफ



करंट क्राइम : स्कूलों में जहां 22 से 23 दिसंबर के बीच शीतकालीन अवकाश शुरू हो जाएगा। तो वहीं क्रिसमस को लेकर भी छुट्टी आने वाली हैं। इन छुट्टियों में लोग अपने गृह जनपदों के साथ ही अलग-अलग स्थानों पर घूमने के लिए निकल जाते हैं और उनके घर चोरों का निशाना बनते हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद बनने के बाद से पुलिस बल तो बढ़ा ही है लेकिन चोरी की वारदातें रोकना अभी पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों ही जोन में बड़ी संख्या में चोरी के मुकदमे दर्ज होते हैं। तो आए दिन वारदातें पुलिस की टेंशन को बढ़ाने का काम करती हैं। सर्दी के दिनों में घरों, मकान और बाजारों में चोरियां बढ़ती हैं।

### चौकी प्रभारियों को घुमानी होगी अतिरिक्त लैपर्ड व चीता




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने अपने जोन के चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र में अतिरिक्त लैपर्ड और चीता घूमने का निर्देश जारी किया है। साथ ही रात को 11 बजे से लेकर सुबह तक अतिरिक्त सतर्कता और गशत करने का आदेश दिया है। साथ ही रात के समय ड्यूटी पर रहने वाले पुलिसकर्मियों को सर्दी से बचाव के लिए जैकेट, दस्ताने और हेलमेट भी प्रदान किया जा रहे हैं ताकि वह ठीक प्रकार से अपनी ड्यूटी को अंजाम दे सकें। तो वहीं थाना प्रभारी स्तर के अधिकारियों को भी देर रात तक क्षेत्र में भ्रमणशील रहने का आदेश दिया गया है।


### इन बातों का रखना होगा आपको भी ध्यान :



- जब आप बाहर जाएं तो अपने कीमती सामान को तिजोरी या लॉकबॉक्स में रखें।
- समय-समय पर इलेक्ट्रॉनिक तालों और गैराज दरवाजों पर पासकोड बदलें।
- अपनी खिड़कियां ढक्कर रखें और गैराज को बंद रखें ताकि मूल्यवान वस्तुएं नजर न आएं।



- मोशन सेंसर लाइट, डेडबोल्ट लॉक लगाएं और आंगन-स्लाइडिंग ग्लास दरवाजे के लॉक को अपग्रेड करें।
- छिपने के स्थानों को खत्म करने के लिए झाड़ियों और झाड़ियों को काटें, और चाबियाँ कभी भी बाहर न छिपाएं।
- अपनी छुट्टियों या यात्राओं की घोषणा सोशल मीडिया पर न करें।



- यदि आप घर आएं और देखें कि आपके घर में चोरी हुई है या आपको अपनी संपत्ति पर संदिग्ध गतिविधि का आभास हो, तो अंदर न जाएं 112 नंबर पर कॉल करें और पुलिस के आने का इंतजार करें।

# संगम नगरी में महाकुंभ एकता का महायज्ञ है, इसमें हर भेदभाव की दी जाती आहुति : पीएम मोदी

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में महाकुंभ की सफलता के लिए कुंभ कलश का पूजन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महाकुंभ 2025 के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ एकता का महाकुंभ है जो दुनिया को संदेश देगा। महाकुंभ हजारों वर्ष पहले से चली आ रही हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा का पुण्य और जीवंत प्रतीक है। एक ऐसा आयोजन है जहां हर बार धर्म, ज्ञान, भक्ति और कला का दिव्य समागम होता है।

पीएम मोदी ने कहा कि किसी बाहरी व्यवस्था के बजाय कुंभ, मनुष्य के अंतर्मन की चेतना का नाम है। ये चेतना स्वतः जागृत होती है। यही चेतना भारत के कोने-कोने से लोगों को संगम के तट तक खींच लाती है। इसलिए मैं फिर एक बार कहता हूं कि ये महाकुंभ, एकता का महायज्ञ है। जिसमें हर तरह के भेदभाव का आहुति दी जाती है। यहां संगम में डुबकी लगाने वाला हर भारतीय एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अद्भुत तस्वीर प्रस्तुत करता है। 'हमारा देश पवित्र स्थलों और तीर्थों का देश' पीएम मोदी ने कहा, हमारा भारत पवित्र स्थलों और तीर्थों का देश है। ये गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी और नर्मदा जैसी अनगिनत पवित्र नदियों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, इन अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, जो महात्म्य है, उनका संगम, उनका समुच्चय, उनका योग, उनका संयोग, उनका प्रभाव, उनका प्रताप ये प्रयाग है। प्रयाग वो है, जहां पग-पग पर पवित्र स्थान हैं, जहां पग-पग पर पुण्य क्षेत्र हैं।



### महाकुंभ हजारों वर्ष से चली आ रही सांस्कृतिक आध्यात्मिक यात्रा का जीवंत प्रतीकः पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि महाकुंभ हजारों वर्ष पहले से चली आ रही हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा का पुण्य और जीवंत प्रतीक है। एक ऐसा आयोजन है जहां हर बार धर्म, ज्ञान, भक्ति और कला का दिव्य समागम होता है।

### 'माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई'

प्रधानमंत्री बोले, ये केवल तीन पवित्र नदियों का ही संगम नहीं है। प्रयाग के बारे में कहा गया है- 'माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।।' अर्थात जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं, सभी दैवीय शक्तियां, सभी तीर्थ, सभी ऋषि, महाऋषि प्रयाग में आ जाते हैं। ये वो स्थान जिसके प्रभाव के बिना पुराण पूरे नहीं होते। प्रयागराज वो स्थान है, जिसकी प्रशंसा वेद की ऋचाओं में की गई है।

### संबोधन शुरू करने से पहले संगम की भूमि को किया प्रणाम

पीएम मोदी ने संगम को प्रणाम किया। यहां दिन रात काम कर रहे कर्मचारियों और सफाई कर्मियों का अभिनंदन करता हूं। विश्व का इतना बड़ा आयोजन हर रोज लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा की तैयारी लगातार 45 दिनों तक चलने वाला महायज्ञ एक नया महानगर बसाने का महाभियान प्रयागराज की धरती पर नया इतिहास रचा जा रहा है।

### महाकुंभ में 15 हजार से ज्यादा सफाईकर्मी संभालेंगे स्वच्छता व्यवस्था की जिम्मेदारी

पीएम मोदी बोले कि गांवों, कस्बों, शहरों से लोग प्रयागराज की ओर निकल पड़ते हैं। सामूहिकता की ऐसी शक्ति, ऐसा समागम शायद ही कहीं और देखने को मिले। यहां आकर संत-महंत, ऋषि-मुनि, ज्ञानी-विद्वान, सामान्य मानवी सब एक हो जाते हैं, सब एक साथ त्रिवेणी में डुबकी लगाते हैं। यहां जातियों का भेद खत्म हो जाता है, सम्प्रदायों का टकराव मिट जाता है। करोड़ों लोग एक ध्येय, एक विचार से जुड़ जाते हैं। कुंभ जैसे भव्य और दिव्य आयोजन को सफल बनाने में स्वच्छता की बहुत बड़ी भूमिका है। महाकुंभ की तैयारियों के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाया गया है, प्रयागराज शहर के सैनिटेशन और वेस्ट मैनेजमेंट पर फोकस किया गया है। लोगों को जागरूक करने के लिए गंगादूत, गंगा प्रहरी और गंगा मित्रों की नियुक्ति की गई है। इस बार 15 हजार से ज्यादा मेरे सफाईकर्मी भाई-बहन कुंभ की स्वच्छता को संभालने वाले हैं। मैं आज कुंभ की तैयारी में जुटे अपने सफाईकर्मी भाई-बहनों का अग्रिम आभार भी व्यक्त करता हूं।

### प्रधानमंत्री ने करोड़ों की परियोजनाओं का किया शुभारंभ


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ 2025 के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसमें प्रयागराज में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 10 नए रोड ओवर ब्रिज या फ्लाईओवर, स्थायी घाट और रिवरफ्रंट सड़कें जैसी विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाएं शामिल हैं।

---

## लोकसभा में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# हमारा संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का शुक्रवार को 14वां दिन है। लोकसभा में संविधान पर चर्चा शुरू हो गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में संविधान पर बहस की शुरूआत की। यह बहस संविधान को अपनाए जाने की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि एक विशेष पार्टी द्वारा संविधान निर्माण के काम को हमेशा हाईजैक करने की कोशिश की गई है। मैं आज यह स्पष्ट करना चाहता हूं, कि हमारा संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है। भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा, भारत के मूल्यों के अनुरूप बनाया गया दस्तावेज है।



राजनाथ सिंह ने कहा कि हम भारत के लोगों ने, 26 नवंबर 1949 के दिन संविधान को अपनाया, अधिनियमित किया और राष्ट्र को समर्पित किया था। यह वह दिन था, जब भारत के लोग ह्यप्रजाह्न से ह्यनागरिकह्न बने थे। ऐसे नागरिक जिनके अपने मौलिक अधिकार थे और उनके पास एक भारतीय नागरिक होने का गौरव था। ऐसे लोग अपनी सरकार चुन सकते थे और सरकारों को बदल सकते थे। अब देश में राजा-रानी का शासन नहीं था। राजतंत्र और ब्रिटिश तंत्र नहीं था, बल्कि जनता का शासन था और लोकतंत्र था। संविधान को अंगीकार करने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, इस सदन और समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं। साथ ही भारत की आजादी और भारत के संविधान निर्माण से जुड़े, सभी महानुभावों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं और उन सभी को शीश झुकाकर नमन करता हूं।

भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर चर्चा के दौरान लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ₹एक विशेष पार्टी द्वारा संविधान निर्माण के काम को हमेशा हाईजैक करने की कोशिश की गई है। मैं आज यह स्पष्ट करना चाहता हूं, कि हमारा संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है। भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा, भारत के मूल्यों के अनुरूप बनाया गया दस्तावेज है। पश्चिमी सभ्यता में नाइट वॉचमैन स्टेट का कॉन्सेप्ट है। इसका अर्थ है कि सरकार का दायित्व लोगों को सुरक्षा प्रदान करने तक ही सीमित रहे। किंतु हमारे देश में राजधर्म की बात कही गई है। हमारे यहां राजा भी राजधर्म से बंधा हुआ है। उसकी शक्तियां लोगों के कल्याण के लिए है। समाज के कमजोर वर्ग के लिए है। हमारा संविधान नागरिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा संविधान नागरिकों के समग्र विकास में रास्ते में आने वाली बाधाओं को हटाने का निर्देश देता है।" उन्होंने कहा," मुझे गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ काम कर रही है, हमारी सरकार भारत के संविधान में लिखे धर्म और भावना के अनुरूप काम कर रही है। हमारा संविधान प्रगतिशील है,समावेशी है, परिवर्तनकारी है। यह हमारा देश है जहां एक गरीब परिवार में पैदा हुआ व्यक्ति भी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है।

---

# सरकारी स्कूल के बच्चे पेरिस से फ्रेंच भाषा का कोर्स कर लौटे वापस, सीएम आतिशी और मनीष सिसोदिया ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी स्कूल के 30 बच्चे पेरिस गए थे और वहां पर उन्होंने फ्रेंच भाषा में एडवांस कोर्स कंप्लीट किया। जब वह वापस दिल्ली लौटे तो उनसे शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मुलाकात की और बच्चों की हौसला अफजाई की। दिल्ली सरकार की तरफ से जानकारी साझा की गई है कि मुख्यमंत्री आतिशी और मनीष सिसोदिया ने पेरिस जाकर फ्रेंच भाषा का एडवांस कोर्स करके लौटे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स से मुलाकात की है। दिल्ली सरकार गवर्नमेंट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सभी मौके दे रही है, जिससे वह बेहतरीन शिक्षा प्राप्त करके अपने माता-पिता और देश का नाम रोशन कर सकें। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी जानकारी साझा करते हुए कहा, दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 30 बच्चे फ्रेंच भाषा का एडवांस कोर्स करने के लिए



पेरिस गए थे। मनीष सिसोदिया के साथ इन बच्चों से मिलना हुआ। कभी सोचा था? एक गरीब परिवार का बच्चा विदेश जाकर पढ़ाई करेगा? ये सिर्फ.एक सपना नहीं, बल्कि उन लाखों उम्मीदों की जीत है जो अब तक पैसों के अभाव में दबा दी जाती थी। हमने ये साबित कर दिया कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए भी आसमान की कोई सीमा नहीं। दिल्ली का हर बच्चा अब बराबरी के मौके पा रहा है। यही दिल्ली की शिक्षा क्रांति है। ये क्रांति जारी रहेगी।

गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी में मनीष सिसोदिया को शिक्षा में क्रांति का जनक कहा जाता है। आम आदमी पार्टी के सभी नेता मनीष सिसोदिया को शिक्षा क्षेत्र में किए गए बदलाव और विकास को लेकर उनकी काफी ज्यादा सराहना करते हैं।

---

# विधायक संजीव शर्मा ने किया आयुष्मान कार्ड कैंप उद्घाटन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कवि नगर के केजी-35 में राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के नेतृत्व में बुजुर्गों के लिए विशेष आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयुष्मान भारत योजना के तहत आयोजित इस कैंप में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन कर्ता मुख्य अतिथि गाजियाबाद के नवनिर्वाचित विधायक और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी उपस्थित रहे।

कैंप का उद्घाटन करते हुए संजीव शर्मा ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक वरदान है। यह न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाती है बल्कि समाज के बुजुर्गों को सम्मान और सुरक्षा भी प्रदान करती है। ऐसे कैंप गाजियाबाद को एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक अजीत पाल त्यागी ने इस सुन्दर आयोजन के लिए राष्ट्रीय व्यापार मंडल और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई एवं धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि व्यापार मंडल के साथियों द्वारा भविष्य में भी ऐसी पहलें जारी रहेंगी।'

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुजुर्ग लाभार्थियों ने हिस्सा लिया। मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए और योजना के लाभों की जानकारी दी गई। कैंप में तकरीबन 200 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक थी। साथ ही, स्वास्थ्य जांच की विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिसमें ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई। जिन लोगों को आवश्यकता थी, उन्हें डॉक्टरों द्वारा निशुल्क दवाएं भी प्रदान की गईं। आयोजन को सफल बनाने में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता (बालू भाई) और राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी और पश्चिम उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अशोक भारतीय ने अहम भूमिका निभाई।

प्रदीप चौधरी ने कहा, 'यह कैंप बुजुर्गों के सम्मान और बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमारी छोटी-सी पहल है। हमारा लक्ष्य हर जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।' इस कार्यक्रम में अन्य प्रमुख लोगों की उपस्थिति ने इसे और भी प्रभावशाली बना दिया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में बाबूजी जगदीश साधना, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री अशोक गोयल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रभारी विवेक त्यागी, मेरठ मंडल अध्यक्ष अजय सिंघल, लोहा विक्रेता अध्यक्ष अतुल जैन, सौरभ यादव, पार्षद राज कुमार नागर, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद विनीत दत्त, राजीव अग्रवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, रितेश शर्मा, पार्षद शिवम शर्मा, शैलेंद्र सक्सेना, अनिल मेहरा, रघुनंदन भारद्वाज, मधु शर्मा, नीता भार्गव, काजल छिब्बर, समीर शर्मा, आलोक गर्ग, नीरज शर्मा, डा. ओ. पी. अग्रवाल, मंगल चौधरी, डा. ज्ञानेंद्र सिंह, निशा चौहान, आशु पंडित, सचिन सोनी, रजत सिंगल, दीपक शर्मा, विशाल जैन, ज्योति तोमर, प्रवीण भाटी, और सोनू भाटी शामिल रहे।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन में पूरे जोश और समर्पण के साथ योगदान दिया। यह कार्यक्रम पार्टी की उस प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जिसके तहत हर जनहितकारी योजना को सफल बनाने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता निरंतर प्रयासरत रहते हैं। इस आयोजन ने गाजियाबाद के बुजुर्गों के लिए नई उम्मीद जगाई है और इसे सभी ने सराहा।

---

# महाकुंभ 2025 के निमंत्रण के लिए बेंगलुरु पहुंचे सुरेश खन्ना और नरेंद्र कश्यप

## राज्यपाल थावरचंद गहलोत को दिया आमंत्रण आज मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से करेंगे मुलाकात



**लखनऊ, करंट क्राइम।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले आगामी महाकुंभ 2025 के निमंत्रण कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप आज बेंगलुरु पहुंचे। उन्होंने कर्नाटक के माननीय राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात कर उन्हें महाकुंभ 2025 में सहभागिता का औपचारिक निमंत्रण दिया।

मंत्रीद्वय ने राज्यपाल को महाकुंभ 2025 की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक अद्वितीय अवसर भी है। आज दोनों मंत्री कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा, बेंगलुरु में आयोजित होने वाले रोड शो और प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी भाग लेंगे, जहां महाकुंभ 2025 की तैयारियों और प्रयागराज की सांस्कृतिक धरोहर को प्रचारित किया जाएगा। महाकुंभ 2025 के लिए यह निमंत्रण कार्यक्रम योगी सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिससे देश-विदेश के लोगों को इस भव्य आयोजन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। सरकार का यह प्रयास महाकुंभ को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के साथ-साथ प्रयागराज की ऐतिहासिक पहचान को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

---

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को प्रसिद्ध कृष्णा लैंडी रेंजो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में डिप्लोमा इंजीनियरिंग (मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ड्राइव का आरंभ कंपनी प्रोफाईल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे मे कंपनी के अधिकारीयों द्वारा बताकर किया गया। इस ड्राइव में लिखित परीक्षा एवं पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से 22 विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया।






इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर (आई/सी) प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार, रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०), अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रिंसिपल निखिल निगम तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

---

# खनोरी बॉर्डर पर पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत, किसानों से किया एकजुट होने का आह्वान

**जींद।** राकेश टिकैत ने कहा कि अगर किसानों की मांगें पूरी नहीं हुईं, तो दिल्ली को केएमपी (कुंडली-मानेसर-पलवल) एक्सप्रेसवे से घेरने की रणनीति अपनानी होगी। टिकैत ने कहा कि इसके लिए 4 लाख से अधिक ट्रैक्टरों की आवश्यकता होगी। पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर शुक्रवार को किसान नेता राकेश टिकैत पहुंचे और आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात की। उन्होंने डल्लेवाल का हाल-चाल जाना और किसानों के आंदोलन को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिए।



### दिल्ली घेरने की जरूरत पर जोर

मीडिया से बातचीत करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि अगर किसानों की मांगें पूरी नहीं हुईं, तो दिल्ली को केएमपी (कुंडली-मानेसर-पलवल) एक्सप्रेसवे से घेरने की रणनीति अपनानी होगी। टिकैत ने कहा कि इसके लिए 4 लाख से अधिक ट्रैक्टरों की आवश्यकता होगी। उन्होंने सभी किसान संगठनों से संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल होकर आंदोलन की नई रणनीति तैयार करने का आह्वान किया।

### किसानों के बीच रहे टिकैत

राकेश टिकैत ने खनौरी बॉर्डर पर किसानों के साथ संवाद किया और उनके समर्थन का आश्वासन दिया। टिकैत दोपहर 2 बजे तक खनौरी बॉर्डर पर किसानों के बीच मौजूद रहे और उनकी मांगों व आंदोलन को मजबूत करने के लिए चर्चा की।

---

# झारखंड में मंईयां सम्मान योजना की लाभार्थियों की स्क्रीनिंग और राशि रिकवरी की चिट्ठी पर बवाल

**रांची।** झारखंड में हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर मानी गई हेमंत सोरेन सरकार की मंईयां सम्मान योजना की लाभार्थियों की अब नए सिरे से स्क्रीनिंग की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। सरकार के सामाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देश पर उन लाभार्थियों की पहचान की जाएगी, जो इस योजना का लाभ लेने की पात्र नहीं हैं। अगर अयोग्य लाभार्थियों ने इस योजना के तहत लाभ प्राप्त किया है तो राशि की रिकवरी भी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी ने सरकार के इस निर्देश पर जोरदार विरोध जताया है। सामाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देश पर रांची के उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंडों के बीडीओ और अंचलों के सीओ को चिट्ठी लिखकर कहा है कि यदि कोई लाभार्थी अयोग्य पाई जाती है तो उनका नाम सूची से हटाया जाए और उन्हें दी गई सम्मान राशि की रिकवरी की जाए। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों के सत्यापन की प्रक्रिया 28 दिसंबर तक पूरी करने का निर्देश दिया है। इस सूचना के बाद महिला लाभार्थियों में खलबली मच गई है। चुनाव के पहले राज्य के सभी क्षेत्रों में व्यापक तौर पर अभियान चलाकर 18 से 50 साल की उम्र तक की महिलाओं से इस योजना के तहत फॉर्म भरवाए गए थे। इसके बाद करीब 55 लाख महिलाओं के खाते में अगस्त, से लेकर नवंबर महीने तक एक-एक हजार रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। सरकार ने दिसंबर महीने से लाभार्थियों को एक हजार के बदले 2500 रुपए देने का ऐलान कर रखा है। संभावना है कि एक-दो दिनों के अंदर दिसंबर महीने की किस्त ट्रांसफर कर दी जाएगी। दूसरी तरफ, लाभार्थियों की स्क्रीनिंग भी शुरू की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने लाभार्थियों से राशि रिकवर करने के निर्देश पर जोरदार विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने गुरुवार को यह मुद्दा विधानसभा की कार्यवाही के दौरान भी उठाया था। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, ह्यचुनाव से पहले बेरोकटोक मुफ्त के रेवड़ी की तरह मंईयां सम्मान योजना की राशि बांटने वाली हेमंत सरकार अब महिलाओं से वसूली की तैयारी कर रही है। विभागों को विशेष दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं कि येन केन प्रकारेण, योजना का लाभ उठाने वाली महिलाओं का नाम छांट कर लाभुकों की संख्या सीमित रखी जाए। उन्होंने आगे लिखा, ह्य लाभुक सत्यापन के नाम पर महिलाओं को योजना के लाभ से वंचित रखने का प्रयास करने वाली हेमंत सरकार चुनाव के दरम्यान सभी महिलाओं को 2500 रुपए मासिक वित्तीय सहायता देने का दंभ भरती थी।



---

# सखोरी कांड में एसडीएम निलंबित पेशकार पर पहले हो चुकी कार्रवाई

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर में घूसखोरी कांड में रउ्द को निलंबित कर दिया गया है। पेशकार पर पहले कार्रवाई हो चुकी है। एंटी करप्शन टीम ने पेशकार को रंगे हाथ पकड़ा था। यूपी के सुल्तानपुर में घूसखोरी के मामले में एसडीएम को निलंबित किया गया है।



इससे पहले पेशकार को निलंबित किया जा चुका है। मामला जयसिंहपुर तहसील के एसडीएम न्यायालय का है। यहां तैनात पेशकार समरजीत पाल को दो दिसंबर को एंटी करप्शन टीम ने तहसील परिसर से रंगे हाथ घूस लेते गिरफ्तार किया था। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी अनिल सिंह की तहरीर पर गोसाईंगंज थाने में पेशकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। अब शासन स्तर से एसडीएम संतोष कुमार ओझा के विरुद्ध शासन स्तर से कार्रवाई हुई है। एसडीएम को शासन स्तर से निलंबित कर दिया गया है। डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने बताया कि शासन से निलंबन की कार्रवाई की गई है। जो आरोप लगे हैं, उसकी जांच भी कराई जाएगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। शनिवार 14 दिसंबर - 2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# भाजपा महानगर अध्यक्ष पद को लेकर ठाकुर समाज की ललकार

## सामने आए बिना राजपूत समाज ने शुरू कर दिया प्रचार




### आज तक नहीं बना राजूपत समाज का कोई चेहरा महानगर अध्यक्ष

जो पर्चे सकुर्लेट हुए हैं उसमें ये बताया गया है कि आज तक महानगर में राजपूत समाज से कोई व्यक्ति महानगर अध्यक्ष ही नहीं बना है। इसलिए इस बार अध्यक्ष राजपूत समाज का होना चाहिए। यहां नाम को लेकर कोई तय नाम नहीं है लेकिन लिखा गया है कि कोई भी व्यक्ति हो बस राजपूत समाज से हो। इस पर पर्चे में कहा गया है कि भाजपा महानगर गाजियाबाद में क्या कोई राजपूत समाज का व्यक्ति अध्यक्ष नहीं बन सकता। गाजियाबाद महानगर में एकमात्र राजपूत प्रतिनिधि था, मगर अब तो पूरे जिले में राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व करने के लिये कोई प्रतिनिधि भी नहीं है। राजपूत समाज हमेशा से भाजपा के लिये अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा है और इस बार महानगर अध्यक्ष राजपूत समाज से होना चाहिए।

### क्षेत्रीय अध्यक्ष ठाकुर समाज से और एक विधायक ठाकुर बिरादरी से

अगर ठाकुर समाज की बात करें तो यहां भाजपा पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष के रूप में सतेंद्र शिशौदिया ठाकुर समाज से हैं। वो भाजपा के पुराने कर्मठ कार्यकर्ता हैं, बेहद सौम्य और मिलनसार स्वभाव के नेता हैं। यहां से ठाकुर समाज की जनप्रतिनिधि वाली भागीदारी भी तय होनी है। भाजपा में क्षेत्रीय अध्यक्ष का प्रमोशन एमएलसी के रूप में होता और सतेंद्र शिशौदिया भी अगली पारी एमएलसी के रूप में खेलेंगे। विधानसभा की बात करें तो धौलाना क्षेत्र ये धर्मेश तोमर भाजपा के विधायक हैं। ठाकुर समाज की बात करें तो रनीता सिंह भाजपा में महानगर उपाध्यक्ष हैं। ठाकुर समाज से अर्चना सिंह को नामित पार्षद बनाया गया था, लेकिन ठाकुर समाज की ये मांग है कि शहर विधानसभा में आज तक किसी ठाकुर को टिकट नहीं मिला। भाजपा महानगर अध्यक्ष पद पर आज तक कोई ठाकुर चेहरा आसीन नहीं हुआ और अब ठाकुर समाज अपनी भागीदारी मांग रहा है।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ठाकुर समाज की सियासी भागीदारी को लेकर जो आवाज लोकसभा चुनाव में उठी वो आवाज अब धीरे-धीरे मुखर रूप ले रही है। गाजियाबाद में एक लंबे समय से भाजपा में लोकसभा का टिकट ठाकुर समाज के नाम रहा है। यहां ठाकुर समाज से चार बार रमेश चंद तोमर सांसद रहे। उसके बाद ठाकुर समाज से यहां राजनाथ सिंह लोकसभा सांसद रहे और उसके बाद यहां से जनरल वीके सिंह लगातार दो बार लोकसभा सांसद रहे। ये एक जनधारणा बनाई गई कि यह सीट ठाकुर बाहुल्य है और2024 के चुनाव में भाजपा ने यहां बड़ा फेरबदल किया। भाजपा ने अपने सिटिंग सांसद जनरल वीके सिंह का टिकट काटकर यहां वैश्य कार्ड खेला। भाजपा ने यहां से शहर विधायक अतुल गर्ग को लोकसभा चुनाव लड़ाया। अतुल गर्ग ने यहां बनारस और लखनऊ से बेहतर जीत दर्ज कराई और यहां भाजपा के वैश्य कार्ड को सफल घोषित कर दिया।

जनरल वीके सिंह का टिकट कटने के बाद ये माना जा रहा था कि शहर विधानसभा उपचुनाव में लोकसभा के मुआवजे के रूप में किसी ठाकुर चेहरे को भाजपा चुनाव लड़ाएगी, लेकिन यहां भाजपा ने एक नया प्रयोग किया और ब्राह्मण कार्ड खेल दिया। भाजपा का ये प्रयोग भी सफल रहा और यहां महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने 33 प्रतिशत मतदान में 70 हजार वोटों के मार्जिन से जीत हासिल की। उसी के बाद से लगातार ठाकुर समाज अपनी सियासी भागीदारी की बात कर रहा है। भगवा गढ़ में ये आग नीचे ही नीचे धधक रही है और ये कहा जा रहा है कि आखिर भाजपा में ठाकुर समाज को कहां एडजस्ट किया जायेगा। वो संगठन में स्थान मांग रहे हैं, वो जनप्रतिनिधि वाले कॉलम में अपनी भागीदारी चाहते हैं और अब भाजपा में महानगर अध्यक्ष पद को लेकर ठाकुर समाज की ललकार बाहर आ गई।

**ठाकुर समाज की सियासी भागीदारी को लेकर जो आवाज लोकसभा चुनाव में उठी वो आवाज अब धीरे-धीरे मुखर रूप ले रही है। गाजियाबाद में एक लंबे समय से भाजपा में लोकसभा का टिकट ठाकुर समाज के नाम रहा है।**

एक पर्चा जारी हुआ है और ये पर्चा तेजी से समाज के भीतर घूम रहा है। खास बात ये है कि इसमें किसी भी राजपूत नेता का नाम नहीं है। इसमें किसी भी राजपूत संगठन का खुलकर नाम नहीं है। इसमें किसी राजपूत नेता का फोटो भी नहीं है, लेकिन जागो राजपूत से शुरू होकर ये पर्चा निवेदक समस्त राजपूत समाज पर खत्म हो रहा है। इस पर्चे में ये बताया गया है कि अगर राजपूत अभी नहीं जागे तो फिर कभी नहीं जाग पाएंगे और महानगर अध्यक्ष को लेकर ये राजपूत समाज की ललकार है। पर्चे में ये बताया गया है कि गाजियाबाद में राजपूत समाज की कम से कम साढ़े तीन लाख वोट हैं। उसके बावजूद भी राजपूत समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। अगर अब भी नहीं मिला तो राजपूत समाज को सोचना पड़ेगा।

## 'कौन बनेगा भाजपा संगठन का सरताज'

# संघ के स्वयंसेवक और 24 वर्ष पुराने भाजपा कार्यकर्ता डीडी यादव की जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी

### सक्रिय सदस्य से लेकर खेली युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष वाली पारी



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। संगठन की ताजपोशी हो रही है और ऐसे में सभी कार्यकर्ता अपने-अपने रिपोर्ट कार्ड के साथ दावेदारी कर रहे हैं। दावेदारी के इस क्रम में भाजपा नेता डीडी यादव ने जिलाध्यक्ष पद के लिये दावेदारी की है। डीडी यादव भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं और वो संघ के स्वयंसेवक के रूप में राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ सामाजिक जीवन में आए। वर्ष 2005 में वो भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनें। इसके बाद 2009 में वो भाजपा के सक्रिय सदस्य बनें और सदस्यता अभियान में 2000 से ज्यादा पार्टी के सदस्य बनाए। डीडी यादव ने वर्ष 2009 में गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में बूथ एजेंट और मतगणना एजेंट के रूप में काम किया। वर्ष 2011 में वो भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाए गए। वर्ष 2014 में गाजियाबाद लोकसभा में बूथ एजेंट तथा मतगणना एजेंट रहे। वर्ष 2014 में विधानपरिषद स्नातक चुनाव में मेरठ-सहारनपुर क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी के 2200 वोट बनवाए। वर्ष 2014 में डीडी यादव ने वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पद पर पार्टी के सेवक के रूप में कार्य किया। वर्ष 2015 में वो कार्यकर्ता प्रशिक्षण सिविर में रहे। वर्ष 2016 में उन्होंने नवमतदाता पंजीकरण अभियान के तहत अपने जिले में 2100 नये वोट बनवाए। गांव-गांव जाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों के बीच पहुंचाया।

वो 2018 में जिला सहसदस्यता प्रमुख रहे औरप 2018 में जिला संयोजक राजनीतिक प्रतिपुष्टि और प्रतिक्रिया विभाग में काम किया। 2019 के चुनाव में सक्रियता के साथ-साथ गांव-गांव जाकर जनचौपाल लगाई। वर्ष 2019 में ही वो गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में बूथ एजेंट बनें तथा वर्ष 2019 में डीडी यादव जिला कार्यकारिणी सदस्य बनें और भाजपा के सक्रिय सदस्य रहें है। वो वर्ष 2019 में शिक्षक एमएलसी चुनाव में जिला संयोजक रहे हैं। वर्ष 2020 में डासना नगर पंचायत से नामित सभासद बनाए गए। वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री की वर्चुअल रैली के डासना मंडल प्रभारी बनाए गए। वर्ष 2023 में डासना नगर पंचायत निकाय चुनाव संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में वो गाजियाबाद लोकसभा चुनाव संचालन समिति के सदस्य बने। उन्हें विशेष संपर्क व्यवसायिक एवं सामाजिक दायित्व दिया गया। वर्ष 2024 में ही उन्होंने पार्टी के सदस्यता अभियान में 500 नए सदस्य बनाए। संगठन पर्व 2024 में वो मंडल चुनाव अधिकारी सीकरी महामाया मंडल मोदीनगर बनाए गए।

### भाजपा के लिए काटी है जेल और कश्मीर से लेकर गाजियाबाद तक फहराया है तिरंगा

डीडी यादव भाजपा के वो कार्यकर्ता हैं जिन्होंने भाजपा के लिये संघर्ष किया है। 25 जनवरी 2011 को उन्होंने तिरंगा यात्रा में सक्रिय हिस्सेदारी निभाई और जम्मू कश्मीर में तिरंगा यात्रा के दौरान गिरफ्तारी दी। वो दो दिन तक कठवा जेल में रहे और डीडी यादव ने जेल में अपने साथियों के साथ तिरंगा फहराया। 2011 में उन्होंने 200 कार्यकताओं के साथ लखनऊ में विधानसभा का घेराव किया। विधानसभा संयोजक की जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान में घर-घर जाकर सभी कार्यकताओं से संपर्क कर उनके घरों पर तिरंगा झंडा लगाने का कार्यक्रम किया। डीडी यादव ने इस अभियान में अपनी ओर से 200 झंडों का वितरण भी किया। उन्होंने डासना मंडल व जलालाबाद मंडल में हर घर पर तिरंगा फहराया।

### कोरोना काल में जनता के बीच की है सेवा और पर्यावरण को लेकर रहे हैं जागरूक

डीडी यादव भाजपा के वो नेता हैं जिन्होंने राजनीति के साथ-साथ मानव सेवा को भी अपने जीवन का लक्ष्य बनाया है। भाजपा के इस कार्यकर्ता ने कोरोना काल में लोगों की सेवा की है। वर्ष 2020 में कोविड काल में लगभग 2000 परिवारों को उन्होंने निशुल्क राशन, दवाइयां अपनी ओर से उपलब्ध कराकर लोगों को घर-घर जाकर वितरित की। 2020 में ही कोविड काल में हजारों प्रवासी मजदूरों को भोजन दवाइयां तथा चप्पल जूते व जरूरत का सामान अपने खुद के साधनों से वितरित किया। वो पर्यावरण को लेकर जागरू रहे हैं और पौधारोपण से लेकर जल संरक्षण के काम में लगातार एक्टिव रहे हैं। महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है और धर्म के क्षेत्र में भी वो एक्टिव रहते हैं। भाजपा के कर्मठ-पुराने कार्यकताओं में जिलाध्यक्ष पद के लिये दावेदारी की है।

# महिला शक्ति के सम्मान में कांग्रेस आ गई है मैदान में

## आधी आबादी को कांग्रेस जोड़ रही है अपने सदस्यता अभियान में





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस लगातार जनता के बीच आ रही है। कांग्रेस अब सियासी मुद्दों को लेकर एक्टिव रहती है। सामाजिक मुद्दों पर उसके नेता आगे आते हैं और कांग्रेस अब राजनीति की उस नब्ज को टटोल रही है जिसे महिला राजनीति कहती है। कांग्रेस अपनी मातृ शक्ति के नेतृत्व में आधी आबादी यानी महिला वर्ग को कांग्रेस की नीतियों से जोड़ रही है। कांग्रेस में कार्यक्रम उसके संगठन द्वारा भी चलाए जा रहे हैं। कांग्रेस नारी शक्ति को अपनी नीतियों के द्वारा जोड़ रही है। कांग्रेस के कार्यक्रम इस बात की तस्दीक कर रहे हैं और ये माना जा सकता है कि कांग्रेस इस रेस में भले ही स्लो दिख रही है, लेकिन वो पूरे फ्लो के साथ आ रही है। जिला महिला कांग्रेस द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया और इसमें कांग्रेस से महिलाओं को जोड़ा गया और उन्हें नारी न्याय सदस्य सम्मान भी दिया गया। बड़ी बात ये है कि कांग्रेस अपनी महिला कार्यकताओं को प्रोत्साहित कर रही है। वो उनमें सियासी कार्यक्रमों के प्रति अतिरिक्त ऊर्जा का संचार कर रही है। नारी न्याय सदस्य सम्मान समारोह में उन महिला कार्यकताओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अभियान में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस दौरान कई महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ा गया और इन महिलाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

यह कार्यक्रम सोनल नागर द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की ऑब्जर्वर तथा पश्चिम जोन प्रभारी पूनम पंडित और राष्ट्रीय प्रवक्ता डौली शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थी। महिला शक्ति को कांग्रेस की नीतियों से जोड़ने वाले इस कार्यक्रम में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष विजय चौधरी, जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, कशिश गुर्जर, डॉ. राधिका श्रीवास्तव, रुखसार, साजिया, डिंपल, राजकुमारी, कामाक्षी तथा वर्षा भी मुख्य रूप से मौजूद थी।

# नगर निकाय उपनिर्वाचन वार्ड-19 व वार्ड-21 में प्रयोग होने वाली ईवीएम का किया रेंडमाइजेशन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट परिसर, एडीएम ई कार्यालय में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में नगर निकाय उपनिर्वाचन वार्ड-19 व वार्ड-21 में प्रयोग होने वाली ईवीएम का प्रत्याशियों/ राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बसपा और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रतिनिधि/प्रत्याशियों सहित अपर जिलाधिकारी प्रशासन, जिला सूचना अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# मुरादनगर विधानसभा के एक मंडल अध्यक्ष आ गए देवतुल्यों के रडार पर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा में संगठन चुनाव चल रहे हैं। मंडल अध्यक्षों का चुनाव होना है। सबसे बड़ी बात ये है कि राष्ट्रीय महामंत्री से लेकर संगठन के बड़े पदाधिकारी तक से स्पष्ट कर चुके हैं कि चुनाव शब्द पार्टी की लोकतांत्रिक व्यवस्था है और अनुशासन ये है कि यहां जो भी फैसला होगा वो सर्वसम्मति से होगा। सहमति अनुनिवार्य शर्त है और सर्वसम्मति तथा सहमति के इस वातावरण में कमल वालों के एक मंडल में असहमति की हलचल मच गई है। एक मंडल अध्यक्ष के आचार से व्यवहार से देवतुल्य कार्यकर्ता आहत हैं। मुरादनगर विधानसभा के एक मंडल क्षेत्र का ये मामला है और यहां के मंडल अध्यक्ष टारगेट पर आ गए हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष से लेकर महानगर अध्यक्ष तक शिकायत हुई है। सबसे बड़ी बात ये है कि मंडल अध्यक्षों के चुनाव के समय, उनकी ताजपोशी के समय और उनके नाम पर सहमति के समय ये असहमति का बम फूटा है। शुरूआत मुरादनगर विधानसभा के मंडल से हो गई है।

सूत्र बता रहे हैं कि यहां के मंडल अध्यक्ष के व्यवहार से कार्यकर्ता असंतुष्ट हैं। उनका आरोप है कि मंडल अध्यक्ष कार्यकताओं के फोन ही नहीं उठाते हैं। पार्टी का कोई आयाम हो या किसी भी कार्यकर्ता को कोई काम हो, उनके मंडल अध्यक्ष कनेक्टिविटी में ही नहीं रहते हैं। ये मंडल अध्यक्ष वो हैं जिनकी कुछ समय पहले ही मंडल अध्यक्षों वाले फेरबदल में ताजपोशी हुई थी। सूत्र बताते हैं कि इन मंडल अध्यक्ष के विरोध में कुछ पूर्व मंडल अध्यक्षों ने भी शिकायती पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं। बताया जाता है कि मंडल अध्यक्ष की बिरादरी वाले नेता भी उनके विरोध में हैं। जब सहमति होनी है तब असहमति की बोतल से विरोध का जिन्न बाहर आ गया है।

**क्षेत्रीय अध्यक्ष से लेकर महानगर अध्यक्ष तक पहुंची है उनके आचार और व्यवहार की शिकायत**

शिकायत क्षेत्रीय अध्यक्ष से की गई है, शिकायत विधानसभा के विधायक और महानगर अध्यक्ष को लिखित में दे दी गई है। जिस लहजे, तेवर और आक्रामक अंदाज में ये शिकायत की गई है उससे ये लग रहा है कि मंडल अध्यक्ष के रिपीट वाले योग पर ग्रहण लग गया है। शिकायत की चर्चा पूरे मंडल में हो रही है।

# कर्ज में डूबे युवक ने 14वीं मंजिल से कूद कर दी जान

## राज नगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी एड्रेस सोसायटी की है घटना



सुसाइड नोट कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच की शुरू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले नंदग्राम थानाक्षेत्र की राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआईपी एड्रेस सोसाइटी में शुक्रवार को कर्ज में डूबे एक युवक ने 14वी मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। मृतक पटेल नगर द्वितीय का रहने वाला था, मृतक का नाम तुषार गोयल है। वह अपने रिश्तेदार निमेष अग्रवाल की सोसाइटी में आया था और यहां उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर पहुंची मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी थी। फिलहाल प्रथम दृष्ट्या सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस इसे सुसाइड का मामला मानकर चल रही है।

### कर्ज में डूबा था मृतक तुषार गोयल



करंट क्राइम। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक का नाम तुषार गोयल निवासी पटेल नगर का रहने वाला है। पुलिस ने बताया है कि वीवीआईपी एड्रेस सोसायटी के यू ब्लॉक के 9वे फ्लोर पर मृतक के जीजा निमेष अग्रवाल रहते हैं, जबकि मृतक तुषार गोयल का शव एस ब्लॉक टावर के निकट से मिला है। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की तो घटना करीब 11 :30 बजे के आसपास की बताई जा रही है।

### बिना एंट्री के सोसाइटी में घुसा था मृतक युवक

करंट क्राइम । पुलिस ने वीवीआईपी एड्रेस सोसायटी के सीसीटीवी की जांच की है, तो इसके साथ ही सोसायटी के मेन गेट का एंट्री रजिस्टर भी जांचा है। जिसमें मृतक तुषार गोयल की एंट्री नहीं मिली है। पुलिस के अनुसार वह यहां अक्सर आता रहता था। बताया जा रहा है कि जो मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है, उसके अनुसार तुषार पर लोन और कई लोगों के पैसे भी थे।

## संपादकीय

# अब कृषि विपणन पर नजर

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में ह्यकृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति प्रारूप का मसौदा जारी किया और उस पर सार्वजनिक टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित किए। कृषि उत्पादन और उत्पादकता में बीते वर्षों में काफी सुधार हुआ है लेकिन कृषि विपणन समय के साथ बेहतर नहीं हो सका है। ऐसे में कृषि सुधारों को केवल कारक बाजार सुधार तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसमें विपणन संबंधी दिक्कतें दूर करने की कोशिशों को भी शामिल किया जाना चाहिए। इससे सभी हितधारकों को लाभ होगा। इनमें किसान और उपभोक्ता भी शामिल हैं। इस संदर्भ में मसौदा नीति को समूचे भारत में एकरूप व्यवस्था के अंतर्गत कृषि उपज के गतिरोध मुक्त व्यापार की जरूरत पर ध्यान देना चाहिए। कृषि उपज विपणन समिति यानी एपीएमसी के अधीन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुल 7,057 विनियमित थोक बाजार स्थापित किए गए। बहरहाल, इन बाजारों का औसत घनत्व देखें तो 407 किलोमीटर क्षेत्र में एक बाजार है। यह 80 वर्ग किलोमीटर में एक बाजार के मानक से काफी कम है। इतना ही नहीं, 23 राज्यों और चार केंद्रशासित प्रदेशों के 1,410 बाजार इलेक्ट्रॉनिक-नैशनल एग्रीकल्चर मार्केट यानी ई-नाम नेटवर्क से जुड़े हैं। जबकि 1,100 से अधिक बाजार सक्रिय नहीं हैं। करीब 450 बाजारों में बहुत कम या न के बराबर अधोसंरचना है और वे प्रतिकूल परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। इस संबंध में मसौदा नीति ने कृषि-उपभोक्ता बाजारों की पहुंच बढ़ाने जैसे उपायों का प्रस्ताव रखकर सही किया है ताकि किसान अपने उत्पादों को सीधे खुदरा ढंग से ग्राहकों को बेच सकें। खासतौर पर पहाड़ी और पूर्वोत्तर के इलाकों में ग्रामीण हाटों को ग्रामीण कृषि बाजारों में बदलकर तथा जिला और राज्य स्तर पर कृषि प्रसंस्करण और नियातोन्मुखी सुविधाएं मजबूत करके ऐसा किया जा सकता है। सूचना की विषमता को कम करने और पारदर्शिता लाने के लिए विपणन प्रक्रिया को डिजिटल बनाने की कोशिश में इस नीति में ई-नाम को एपीएमसी बाजारों से आगे सार्वजनिक और निजी खरीद केंद्रों तथा ग्रामीण हाटों तक समेकित और विस्तारित करने की भी सिफारिश की गई है। इससे भी अहम, नीति में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की बात कही गई है। खासतौर पर निजी-सार्वजनिक भागीदारी के क्षेत्र में ऐसा करके एपीएमसी बाजारों में अधोसंरचना की कमी को दूर किया जा सकता है और साथ ही राज्यों के कृषि विपणन मंत्रियों की एक अधिकारप्राप्त कृषि विपणन सुधार समिति बनाने की भी आवश्यकता है। ताकि राज्यों को एपीएमसी अधिनियम के सुधार वाले प्रावधानों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। कुछ किसान संगठनों ने यह चिंता जताई है कि निजी क्षेत्र की भागीदारी में इजाफा ऐसे एकाधिकार को जन्म देगा जो किसानों को नुकसान पहुंचाएगा और उनकी मोल भाव की क्षमता को छीन लेगा। बहरहाल, थोक खरीदारों द्वारा किसानों से कृषि उपज की सीधी खरीद यानी बिना सरकार द्वारा अधिसूचित मंडियों के या विभिन्न शुल्क चुकाए बिना सीधी खरीद दीर्घावधि में कारोबारी शर्तों को किसानों के पक्ष में ही करेगी।

# दिव्यांगो को कौशल प्रदान कर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएं उद्योगः पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उद्योगों को दिव्यांग नागरिकों को कौशल प्रदान करने, प्रशिक्षित करने और रोजगार के अवसर प्रदान करने के तरीके विकसित करने चाहिए। केंद्रीय मंत्री गोयल ने नई दिल्ली में बीएमएल मुंजाल पुरस्कार 2024 में अपने संबोधन के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को कौशल प्रदान करने और दिव्यांग नागरिकों को सक्षम बनाने के आह्वान को दोहराते हुए उन्होंने उद्योग जगत के नेताओं से ब्रेल में कौशल विकास उपलब्ध करवाने को कहा।

गोयल ने मुंबई में एसईईपीजेड का उदाहरण देते हुए कहा, कुछ ऐसे कौशल विकसित करने की आवश्यकता है जो दिव्यांग नागरिकों को स्वतंत्र बनने में मदद करें, जैसे एसईईपीजेड, जहां रत्न एवं आभूषण क्षेत्र द्वारा 1,500 दृष्टिबाधित बच्चों को उसी उद्योग में नौकरियों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने सुझाव दिया कि उद्योग जगत के लीडर दिव्यांगों की ताकत की पहचान करें और उन्हें रोजगार के योग्य बनाएं। उन्होंने आगे कहा, शिकायत केंद्र और ग्राहक सहायता केंद्र ऐसे क्षेत्र हैं जहां दिव्यांगजन काम कर सकते हैं, यहां तक कि वे खेल में भी काम के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। हम दिव्यांगजनों को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए खेल महोत्सवों को भी बढ़ावा दे सकते हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने हीरो ग्रुप के शुरूआती दिनों से लेकर अब तक के सफर पर आधारित द मेकिंग ऑफ हीरो नामक पुस्तक का भी जिक्र किया। उन्होंने ऑटोमोबाइल विनिर्माण में भारत को विश्व मंच पर ले जाने के लिए कंपनी के प्रयासों पर प्रकाश डाला। पुस्तक को ब्रेल में भी जारी करने के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, यह प्रयास दिव्यांगजनों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगा। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री गोयल ने यह भी उम्मीद जताई कि पुस्तक कई उद्यमियों को रोजगार सृजक बनने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब लोगों की सामूहिक प्रतिबद्धता भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी और ऐसा तब होगा जब वे बड़ी आकांक्षाएं रखेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम के आयोजकों से विकसित भारत की यात्रा में पुरस्कार समारोह में स्टार्टअप और युवा संगठनों को शामिल करने का भी आग्रह किया।

# अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच जीएसटी संग्रह 9 फीसदी बढ़ा

## 14.56 लाख करोड़ पर पहुंचा आंकड़ा




**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 9.3 प्रतिशत बढ़कर 14.56 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल अप्रैल-नवंबर की अवधि में कर संग्रह 13.32 लाख करोड़ रुपये था। जीएसटी संग्रह में उछाल भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। आइए जानते हैं क्या कहते हैं जीएसटी से जुड़े आंकड़े। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 9.3 प्रतिशत बढ़कर 14.56 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल अप्रैल-नवंबर की अवधि में कर संग्रह 13.32 लाख करोड़ रुपये था। जीएसटी संग्रह में उछाल भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। यह इजाफा मजबूत घरेलू खपत और उछाल वाली आयात गतिविधियों के कारण संभव हुआ है। ये आंकड़े देश के राजकोषीय स्वास्थ्य और आर्थिक सुधार प्रयासों के लिए अच्छे हैं, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच लचीलेपन का संकेत देते हैं। इस साल अप्रैल में कुल जीएसटी संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल सकल जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है। देश में 1 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवा कर लागू किया गया था। आम लोगों को राहत देने के लिए हेयर ऑयल, टूथपेस्ट, साबुन, डिटर्जेंट और वाशिंग पाउडर, गेहूं, चावल, दही, लस्सी, छाछ, कलाई घड़ी, 32 इंच तक के टीवी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, मोबाइल फोन जैसी चीजों पर जीएसटी दरों में काफी कटौती की गई है या कुछ पर इसे शून्य स्तर पर रखा गया है। सितंबर में पिछली जीएसटी परिषद की बैठक में, नमकीन उत्पादों के लिए कर की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत कर दी गई थी। तीन प्रमुख कैंसर दवाओं पर कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया था।


# पीएम के नेतृत्व में भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना

## फडणवीस बोले- महाराष्ट्र इसकी रीढ़ बनेगा




**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में गति, पारदर्शिता और समावेशिता शामिल है। मुंबई में विश्व हिंदू आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि मोदी का हिंदू विकास दर मॉडल दुनिया को नई दिशा दिखाएगा और भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनेगा। हिंदू विकास दर 1950 और 1980 के दशक के बीच भारत की धीमी आर्थिक वृद्धि की ओर इशारा करती है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र भी इस विकास गाथा का हिस्सा बनने और 2028 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है। फडणवीस ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के अलावा सरकार राज्य में हरित ऊर्जा और जल संरक्षण के क्षेत्र में भी काम कर रही है। उन्होंने प्रौद्योगिकी को समावेशी बताया और कहा कि यह विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सतत विकास में विश्वास करते हैं और उन्होंने अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने के अलावा सांस्कृतिक और सामाजिक प्रगति की दिशा में भी काम किया है।

# भारतीय शेयर बाजार 2,000 अंकों की शानदार रिकवरी कर बढ़त के साथ बंद, सेंसेक्स 843 अंक उछला



**मुंबई।** भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी करीब 2,000 अंकों की शानदार रिकवरी के बाद उछाल के साथ बंद हुए हैं। निफ्टी के इंफ्रा, एफएमसीजी और कंजप्शन शेयरों में जबरदस्त खरीदारी के चलते सेसेंक्स और निफ्टी में यह उछाल देखा गया। महाकुंभ नगर, 13 दिसंबर (आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश में महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन, वैश्विक कल्याण, विश्व शांति, भारत के अरुणोदय व तीर्थराज प्रयागराज आकर पुण्य की डुबकी लगाने वाले करोड़ों भक्तों, सनातन शक्तियों के सामर्थ्य व अक्षय पुण्य की वृद्धि के उद्देश्य से पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अक्षयवट का दर्शन कर पूजन-अर्चन किया।

संगम नोज पर यजमान की भूमिका में अभिषेक करने के उपरांत उन्होंने अक्षय वट के दर्शन किए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 843.16 अंक या 1.04 प्रतिशत चढ़ने के बाद 82,133.12 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 219.60 अंक या 0.89 प्रतिशत चढ़ने के बाद 24,768.30 पर बंद हुआ। सुबह करीब 10.47 बजे सेंसेक्स 118.85 अंक या 1.38 प्रतिशत की गिरावट के बाद 80,171.11 पर था। वहीं, निफ्टी इसी समय 334.75 अंक या 1.36 प्रतिशत की गिरावट के बाद 24,213.95 स्तर पर कारोबार कर रहा था। बाजार में इस गिरावट की वजह दूसरे एशियाई बाजारों में कमजोरी, मजबूत डॉलर, बढ़ते अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड और सुस्त चीनी अर्थव्यवस्था की चिंता जैसे कारक थे। जानकारों ने बताया, घरेलू बाजार ने दिन के निचले स्तर से तेजी से वापसी की और सूचकांक हैवीवेट शेयरों के नेतृत्व में कंसोलिडेशन से बाहर निकल गया। खाद्य मुद्रास्फीति में धीरे-धीरे कमी और एफएमसीजी कंपनियों द्वारा मूल्य वृद्धि, साथ ही मूल्यांकन में हाल ही में सुधार ने इस क्षेत्र को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की। बाजार के जानकारों ने आगे कहा कि वर्तमान में, बाजार त्योहारी सीजन और साल के अंत की छुट्टियों के कारण उपभोक्ता खर्च में सुधार की उम्मीद कर रहा है, जिससे सेंटीमेंट्स में वृद्धि हो रही है।

इसके अतिरिक्त, अमेरिकी खर्च में वृद्धि की उम्मीद आईटी क्षेत्र को आगे बढ़ा रही है। निफ्टी बैंक 367.35 अंक या 0.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 53,583.80 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 30.15 अंक या 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,991.55 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 59.25 अंक या 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,407.30 पर था। एलकेपी सिक्योरिटीज के रूपक दे ने कहा, भारत में इक्विटी बाजार में सेंसेक्स की साप्ताहिक समाप्ति के दिन उतार-चढ़ाव भरा सत्र देखने को मिला।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- चीनी को चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द तुरंत कम हो जाता है।
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।
- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं।

## राशिफल

**मेष:** किसी अपने नजदीकी से कहासुनी हो सकती है। ह्रदय को ठेस पहुंच सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम में उत्साह की कमी रहेगी।

**वृष:** कम मेहनत से ही कार्यसिद्धि होगी। काफी समय से रुके कार्य पूर्ण होने से प्रसन्नता रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

**मिथुन:** नए मित्र बनेंगे। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। अच्छी खबर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क:** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**सिंह:** व्ययवृद्धि होगी। बजट बिगड़ेगा। दूसरों से अपेक्षा पूरी नहीं होगी। कार्य की गति धीमी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**कन्या:** रुका पैसा मिल सकता है। यात्रा में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सभी कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे।

**तुला:** आर्थिक नीति का परिवर्तन सुखद रहेगा। कई तरह के लाभ प्राप्त होंगे। किसी बड़े कार्य को करने की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है अत: लापरवाही न करें। अध्यात्म तथा तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी विद्वान व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**धनु:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के उकसाने में न आएं।

**मकर:** पारिवारिक मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। नौकरी में प्रमोशन इत्यादि मिल सकता है।

**कुंभ:** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगास्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स समय का लाभ ले सकते हैं।

**मीन:** पठन-पाठन व लेखन आदि कामों में मन लगेगा। सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। मस्तिष्क में नए-नए विचार आएंगे।

## चुटकुले

बीवी घर पर टीवी देख रही थी
पति - क्या देख रही हो?
बीवी - कुकिंग शो
पति - महोदया, दिन भर कुकिंग शो देखती हो, खाना बनाना तो आया नहीं फिर भी
बीवी - तुम भी तो कौन बनेगा करोड़पति देखते हो, मैंने कुछ कहा... पति शांत!

---

मंटू शराब पीकर गाड़ी चला रहा था,
अचानक गाड़ी एक खंबे से टकरा गई
पुलिस - बाहर निकलो
मंटू - माफ कर दो साहब
पुलिस - दारू पीकर गाड़ी चलाएगा...
मंटू- अरे नहीं साब, पहले से खूब पी रखी है और कितना पिलाओगे।

---

नौकरी के ऑर्डर में लिखा था कि कंपनी की तरफ से आपको क्वार्टर मिलेगा,
कर्मचारी इतना भोला था कि ज्वॉइनिंग के पहले ही दिन सुबह सोडा लेकर ऑफिस पहुंच गया।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बुमराह लिली और रॉबर्ट्स दोनों का मिश्रण हैं: चैपल




**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ग्रेग चैपल, जो भारत के मुख्य कोच रह चुके हैं, का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दिग्गज तेज गेंदबाजों डेनिस लिली और एंडी रॉबर्ट्स का मिश्रण हैं। उन्होंने कहा कि बुमराह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के बीच खड़े हैं।

मैंने हमेशा कहा है कि डेनिस लिली और एंडी रॉबर्ट्स मेरे सामने आए सबसे पूर्ण तेज गेंदबाज थे। बुमराह, अपने अपरंपरागत एक्शन और शानदार नियंत्रण के साथ, इन दोनों और आधुनिक तेज गेंदबाजी के अन्य दिग्गजों के सामने कैसे टिकते हैं?

बुमराह, हालांकि कम आक्रामक हैं, लेकिन बल्लेबाजों को परेशान करने की लिली की क्षमता को दर्शाते हैं। उनकी घातक यॉर्कर और विचलित करने वाली उछाल - विशेष रूप से उनके अपरंपरागत रिलीज पॉइंट और प्रक्षेपवक्र के साथ - लिली की शर्तों को निर्धारित करने की क्षमता को प्रतिध्वनित करती है। बुमराह की शांत तीव्रता और सटीकता उन्हें एक बुरा सपना बनाती है, ठीक वैसे ही जैसे लिली की निरंतर आक्रामकता।"

चैपल ने शुक्रवार को सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के लिए अपने कॉलम में लिखा,बुमराह रॉबर्ट्स के दिमागी दृष्टिकोण को साझा करते हैं। दोनों गेंदबाज बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए सूक्ष्म विविधताओं का उपयोग करते हैं, क्रूर बल के बजाय रणनीति पर भरोसा करते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2018 के बॉक्सिंग डे टेस्ट में बुमराह का स्पेल - जिसमें 6-33 का स्कोर था - रॉबर्ट्स के खेल को बदलने वाले विस्फोटों की आधुनिक प्रतिध्वनि थी। बुमराह इस बहुमुखी प्रतिभा को दशार्ते हैं।

2018 में केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के लिए अपना टेस्ट डेब्यू करने के बाद से, बुमराह भारत के लिए एक रहस्योद्घाटन रहे हैं, उन्होंने अब तक 42 मैचों में 185 विकेट लिए हैं। बुमराह दो मैचों में 12 विकेट लेकर मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिसमें पर्थ में टीम की 295 रनों की जीत में आठ विकेट लेना भी शामिल है।

केवल 30 टेस्ट मैचों में 21.03 की औसत से 151 विकेट लेने के साथ, विभिन्न परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता मार्शल के प्रभुत्व की याद दिलाती है। खुरदरी सतहों पर बुमराह की रिवर्स स्विंग और बादलों के नीचे गेंद को सीम और स्विंग करने की उनकी क्षमता महत्वपूर्ण रही है, जिससे वही अनिश्चितता पैदा हुई है जिसका सामना बल्लेबाजों को मार्शल के खिलाफ करना पड़ा था। जैसा कि इयान बॉथम ने मार्शल के बारे में प्रसिद्ध टिप्पणी की थी, 'उन्होंने आपको कोई राहत नहीं दी'। आज, बल्लेबाज बुमराह के बारे में इसी तरह की भावनाओं को दोहराते हैं। चूंकि उनकी पीठ की सर्जरी हो चुकी है, इसलिए यह निश्चित नहीं है कि उनका करियर लंबा होगा, लेकिन अगर ऐसा होता है, तो उनका नाम ऊपर के चैंपियन के साथ ही लिया जाएगा।

# स्टीव स्मिथ जल्द ही बनाएंगे बड़ा स्कोर : पैट कमिंस

**ब्रिस्बेन।** ब्रिस्बेन टेस्ट से पहले, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि उनके प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे। स्मिथ इस सीरीज में अब तक भारत के खिलाफ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।




साल 2024 में अब तक खेले 7 टेस्ट में स्मिथ का औसत सिर्फ 23.20 रहा है। उनका अकेला अर्धशतक जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिस्बेन में आया था।

अपनी पसंदीदा नंबर चार की पोजीशन पर वापस आने के बाद भी स्मिथ भारत के खिलाफ सफल नहीं हो पाए हैं। उनके अब तक के स्कोर 0, 17 और 2 रहे हैं।

कमिंस ने कहा, उनके रिकॉर्ड को देखें तो लगता है कि रन दूर नहीं हैं। खासकर वह नेट्स में बेहतरीन दिख रहे हैं। वह आत्मविश्वास से भरे लगते हैं। पिछले मैच में वह लेग साइड पर आउट हो गए थे। मैं नहीं मानता कि इसे ज्यादा तूल दिया जाना चाहिए। मुझे पूरा यकीन है कि वह जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है और गाबा में होने वाला अगला टेस्ट दोनों टीमों के लिए काफी अहम है। यह टेस्ट न सिर्फ सीरीज जीतने के लिए बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंक जुटाने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

# अब से तीन मैचों की टेस्ट सीरीज सोचकर उतरेगी टीम

## ब्रिसबेन टेस्ट से पहले शुभमन गिल ने दिया बयान

**नई दिल्ली ।** भारत के बल्लेबाज शुभमन गिल का कहना है कि भारतीय टीम ब्रिसबेन में तरोताजा होकर शुरूआत करेगी और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अब तीन मैचों की सीरीज के तौर पर करेगी। भारत ने पांच मैचों की इस सीरीज का पहला मुकाबला 295 रनों से जीता था, लेकिन एडिलेड में खेले गए दूसरे मुकाबले में उसे हार का सामना करना पड़ा था। दोनों टीमों के बीच सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है और शनिवार से ब्रिसबेन के गाबा में तीसरा टेस्ट खेला जाएगा।




### भारतीय टीम ने डिनर मीटिंग का लुत्फ उठाया

गाबा टेस्ट से पहले गिल ने इस बात को स्वीकार किया कि भारत को एडिलेड में मिली हार से निराशा हुई है, लेकिन टीम इसका भार लेकर सीरीज में आगे नहीं बढ़ेगी। गिल ने बताया कि टीम का माहौल सकारात्मक है और सदस्यों ने ब्रिसबेन में डिनर मीटिंग का आनंद उठाया था।

गिल ने कहा, कैंप का माहौल काफी अच्छा है और हमने गुरुवार को साथ में डिनर किया। इस दौरान हमने काफी मस्ती की। हां, एडिलेड टेस्ट हमारे उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा, लेकिन अब से हम इसे तीन मैचों की टेस्ट सीरीज समझेंगे। अगर हम ब्रिसबेन टेस्ट को जीतने में सफल रहे तो मेलबर्न और सिडनी में हमारा दावा मजबूत रहेगा भारत ने तोड़ा था गाबा का घमंड गिल का बयान 2021 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की याद दिलाता है, जब भारत ने एडिलेड टेस्ट में 36 रन पर ऑलआउट होने के बाद वापसी की थी और सीरीज अपने नाम करने में सफल रही थी।

# भारत के गेंदबाजी आक्रमण का भार मुख्य रूप से बुमराह ने उठाया : गावस्कर

**नई दिल्ली ।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि मौजूदा टेस्ट टीम वास्तव में गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करने के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर है।

बुमराह दो मैचों में 12 विकेट लेकर मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लेकिन बुमराह को बाकी भारतीय तेज गेंदबाजों से ज्यादा समर्थन नहीं मिला है - मोहम्मद सिराज ने नौ विकेट लिए हैं, जबकि हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी ने पांच और दो विकेट लिए हैं।




हां, काफी हद तक। आपको यह कहना होगा। मोहम्मद सिराज एक अच्छे खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्हें एक पारी में पांच विकेट लेने शुरू करने होंगे। अन्यथा, भार मुख्य रूप से जसप्रीत बुमराह द्वारा उठाया जा रहा है।"

लेकिन अगर सिराज दो, तीन विकेट ले सकते हैं, साझेदारी तोड़ते रहते हैं, तो वह निश्चित रूप से जसप्रीत बुमराह की मदद करते हैं। नए खिलाड़ी हर्षित राणा ने पर्थ में प्रभावशाली गेंदबाजी की, लेकिन एडिलेड में दूसरे मैच में वह उतने प्रभावशाली नहीं रहे।

गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, शायद वह अपनी लय नहीं बना पाए, इसलिए वह उस लंबाई या लाइन पर गेंदबाजी नहीं कर पाए, जो उन्हें करनी चाहिए थी। लेकिन उम्मीद है कि उन्होंने सीख लिया होगा। और फिर यह आसान हो जाएगा। इससे बुमराह का भार कम हो जाता है। बुमराह चार या पांच ओवर के छोटे अंतराल में आ सकते हैं और अधिक प्रभावी हो सकते हैं।"

14 दिसंबर से ब्रिसबेन में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए भारत का स्पिनर कौन होना चाहिए, इस संदर्भ में पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि वाशिंगटन सुंदर को मौका दिया जाना चाहिए, क्योंकि रविचंद्रन अश्विन ने एडिलेड में दूसरे मैच में खेला था, लेकिन बल्ले से कुछ खास प्रदर्शन नहीं करते हुए मिशेल मार्श का सिर्फ एक विकेट लिया था।

उन्होंने कहा, अगर हमें स्पिनर खेलाना है, तो मुझे लगता है कि टीम इंडिया वाशिंगटन सुंदर को फिर से आजमाएगी। क्योंकि उन्होंने पर्थ में अच्छा खेला और उनकी गेंदबाजी भी अच्छी थी। उन्होंने न्यूजीलैंड के सामने भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए, उन्हें भी आत्मविश्वास महसूस हुआ होगा। अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा हरभजन के विचारों से सहमत हैं।

# गाबा टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग-11 घोषित

## रोहित-विराट को परेशान कर चुके इस गेंदबाज की वापसी

**नई दिल्ली ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शनिवार से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जाना है। यह मैच ब्रिस्बेन के गाबा में खेला जाएगा। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया ने प्लेइंग-11 की घोषणा कर दी है। तीसरे मुकाबले के लिए जोश हेजलवुड की टीम में वापसी हुई है। वह चोट की वजह से एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट में नहीं खेले थे। हेजलवुड अपनी सटीक लाइन लेंथ के लिए जाने जाते हैं और वह भारत के दिग्गज बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली को खूब परेशान करते हैं।

हेजलवुड की वापसी से स्कॉट बोलैंड को प्लेइंग-11 से बाहर कर दिया गया है। बोलैंड को एडिलेड डे नाइट टेस्ट में हेजलवुड की




जगह शामिल किया गया था। यह टीम में एकमात्र बदलाव रहा।

कप्तान पैट कमिंस ने कहा, 'यह मुश्किल है, बोलैंड ने एडिलेड में शानदार प्रदर्शन किया था। दुर्भाग्य से उन्होंने पिछले 18 महीनों में बेंच पर काफी समय बिताया है। लेकिन जब भी वह खेले हैं, वह शानदार रहे हैं। मुझे आश्चर्य होगा अगर उन्हें एक और मैच खेलने को नहीं मिलता है तो। हमने उनसे कहा कि वह एमसीजी में चौथे टेस्ट के लिए तैयारी कर सकते हैं क्योंकि अच्छी संभावना है कि हमें उनकी जरूरत पड़ेगी। इतिहास बताता है कि इस टेस्ट सीरीज में किसी अलग टैलेंट की जरूरत पड़ी है। एक अच्छी बात यह है कि उन्होंने शायद सीरीज में एक टेस्ट खेल लिया है और उन्हें मैच प्रैक्टिस मिल चुकी है। वह आखिरी दो टेस्ट की तैयारी में जुट सकते हैं।

# बड़ौदा को हराकर फाइनल में पहुंचा मुंबई

## लगातार दूसरे मैच में चला रहाणे का बल्ला

**नई दिल्ली ।** मुंबई ने अजिंक्य रहाणे की दमदार पारी से बंगलूरु में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में बड़ौदा को छह विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। बड़ौदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 158 रन बनाए, जवाब में मुंबई ने 17.2 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर मैच जीत लिया। मुंबई की जीत में रहाणे की भूमिका अहम रही जिन्होंने 56 गेंदों पर 11 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 98 रन बनाए।

रहाणे का बल्ला लगातार दूसरे मैच में चला है। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में भी अर्धशतक लगाया था और टीम की जीत में अहम योगदान दिया था। रहाणे धीरे-धीरे शतक की



ओर बढ़ रहे थे, लेकिन अभिमन्यु सिंह की गेंद पर वह आउट हो गए और शतक लगाने से चूक गए। रहाणे का बल्ला इस टूनार्मेंट में जमकर गरजा है। रहाणे के अलावा कप्तान श्रेयस अय्यर ने 30 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 46 रन बनाए।

# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स

## जापानी जोड़ी से हारकर ट्रीसा-गायत्री बाहर

**हांगझोउ ।** ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी शुक्रवार को यहां ग्रुप ए के मैच में जापानी जोड़ी नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा से सीधे गेम में हारकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स 2024 से बाहर हो गई।

पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता जोड़ी ने 49 मिनट में 21-17, 21-13 से मैच जीतकर ट्रीसा और गायत्री की टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को खत्म कर दिया।

टूनार्मेंट में अपना स्थान बनाए रखने के लिए भारतीयों के लिए यह मैच जीतना जरूरी था, क्योंकि वे पहला मैच विश्व की नंबर 1 और पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता जोड़ी चीन की लियू शेंग शू और चीन की टैन निंग से 20-22, 22-20, 21-14 से हार गयी थीं।



हालांकि, ट्रीसा-गायत्री, जो सीजन के आखिरी इवेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय थीं, ने गुरुवार को अपने दूसरे ग्रुप ए मुकाबले में मलेशिया की पर्ली टैन और थिनाह मुरलीधरन को 21-19, 21-19 से हराया।

तीन गेम में सिर्फ एक अंक के साथ, भारतीय जोड़ी अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रही, जबकि चीनी और जापानी जोड़ियां क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहीं और सेमीफाइनल में पहुंच गईं।

# लाबुशेन ने वॉर्नर पर पलटवार किया, जांच करें मैं कितनी बार गली में कैच आउट हुआ हूं

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने डेविड वॉर्नर की टिप्पणियों पर पलटवार किया जिन्होंने एडिलेड टेस्ट में उनके फॉर्म में लौटने पर संदेह जताया था। उन्होंने डेविड वॉर्नर से पूछा कि वे कितनी बार गली में कैच आउट हुए हैं।

लाबुशेन ने एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया की दस विकेट की जीत में 64 रन की शानदार पारी खेलकर अपने खराब फॉर्म को तोड़ा। लेकिन वॉर्नर का अंदाज अलग था, उन्होंने कहा कि वे लाबुशेन के फॉर्म में वापस आने के बारे में पूरी तरह आश्वस्त नहीं थे, और नितीश कुमार रेड्डी की गेंद पर गली में कैच देने में उनकी जागरूकता की कमी की ओर इशारा किया।

मैं अभी भी मार्नस से सहमत नहीं हूं। मुझे नहीं लगता कि वह उस क्षमता के करीब है जिसके बारे में हम जानते हैं। हो सकता है कि उसने बीच में कुछ




रन बनाए हों, कुछ फ्रीबीज लिए हों, उस रात अच्छी बल्लेबाजी की हो लेकिन भारतीयों ने खराब गेंदबाजी की।

वार्नर ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा था, तो उस दृष्टिकोण से, उसके पास बल्लेबाजी करने के लिए सबसे अच्छी परिस्थितियां थीं। लेकिन वह उसी तरह आउट हो गया जैसे वह हमेशा 50 से अधिक रन बनाने पर आउट होता है, गेंद को सीधे गली में मारता है। इसलिए उसे इस बात की जानकारी नहीं है कि उसे किस बात का ध्यान रखना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि वह उस स्थिति के करीब है जहां उसे होना चाहिए।"

इस पर, लाबुशेन ने शुक्रवार को न्यूज कॉर्प से कहा, मैं देखना चाहूंगा कि वह जांच करें कि मैं कितनी बार गली में कैच आउट हुआ हूं, क्योंकि जाहिर तौर पर मैं हर हफ़्ते वहां आउट होता हूं। मैंने पीछे देखा है और मुझे लगता है कि मुझे केवल दो बार गली में कैच आउट होना याद है। इसलिए मुझे बुल ( वार्नर ) की टिप्पणी पर एक नजर डालनी होगी। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, हर कोई यहां समाचार पत्र पर लेख लिखने के लिए है।

लाबुशेन ने बल्ले से ढीले रवैये के लिए उन्हें आउट किए जाने पर भी आश्चर्य व्यक्त किया। यह दोधारी तलवार है। पिछले हफ़्ते, मैं पर्याप्त शॉट नहीं खेल रहा था, और फिर इस हफ़्ते, लोग नाखुश हैं क्योंकि आप बहुत ज्यादा शॉट खेल रहे हैं। इसलिए दिन के अंत में, मैं यहां सभी को खुश करने के लिए नहीं हूं। मैं यहां ऑस्ट्रेलिया के लिए मैच जीतने के लिए हूं।

यह लोगों को यह समझाने की कोशिश करने के बारे में नहीं है कि मैं वापस आ गया हूं या नहीं। मेरे लिए, यह ऑस्ट्रेलिया के लिए मैच जीतने और रन बनाने के तरीके खोजने के बारे में है। मैंने पिछले हफ़्ते यही किया और उम्मीद है ।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने करोड़ों के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

## कहा, लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है भाजपा



**लोनी, करंट क्राइम।** शुक्रवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नगरपालिका लोनी की वार्ड संख्या 33 में करोड़ों की लागत से जलनिकासी हेतु बनने वाले जिंदल रोड़ नाला निर्माण व अन्य विकास कार्यों का जिंदल रोड, डीएलएफ में शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जवाहर नगर में 25 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस दौरान उपस्थित जनमानस द्वारा ढोल व फूल पत्तियों की बारिश से स्वागत पर आभार जताते हुए कहा लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए हम लोग लगातार कार्य कर रहे हैं। इस दौरान सभासद दल अध्यक्ष रोहित भारद्वाज, पं. प्रवेश दत्त भारद्वाज, सभासद परवीन भाटी, सभासद सतेंद्र बंसल, भाजपा नेता परमेन्द्र जांगड़ा, भाजपा नेता जीतू, जिला मंत्री अश्विनी कुमार व अन्य उपस्थित स्थानीय लोगों ने कहा यह लोनी के लिए ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि पहली बार इतनी संख्या में विकास कार्यों की सौगात हमें मिली है।

### लोनी का सर्वांगीण विकास है भाजपा का लक्ष्य : विधायक नंदकिशोर गुर्जर



करंट क्राइम। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने विकास कार्यों का शुभारंभ करने के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा आज हमारी लोनी बदल रही है। आज लोनी नगरपालिका से लेकर लोनी देहात के सभी महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों, कॉलोनियों के मुख्य मार्गों व गलियों को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर हो रहे है। वार्ड 33 से सीवरेज सिस्टम का जाल बिछाने का कार्य शुरू हो चुका है। जल्द अन्य सभी वार्ड भी सीवर युक्त होंगे। करोड़ों की लागत से लोनी देहात व नगरपालिका के हर वार्ड में विकास कार्य विधायक निधि, मुख्यमंत्री त्वरित योजनांतर्गत, राज्य वित, 15वें वित, डूडा, पीडब्ल्यूडी आदि के माध्यम से किए जा रहे हैं जिससे आवागमन सुगम होगी लोगों की जिंदगी आसान होगी और लोनी की तस्वीर और अच्छी होगी। इसके अतिरिक्त विधायक ने कहा लोनी में बिजली, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, कानून व्यवस्था की स्थिति में आज अभूतपूर्व सुधार हुआ है जिसकी साक्षी लोनी की जनता है जिसने मुझे पुनः अपनी सेवा करने का आशीर्वाद प्रदान किया। लोनी का हाईटेक सिटी बने इसके लिए वृहद स्तर पर योजना तैयार की जा रही है।

# विद्युत निगम के बकायेदारों को होगा करोड़ों का लाभ, ओटीएस में भी किश्त की सुविधा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिले में विद्युत निगम के तीन लाख बकायेदारों को सीधे 135 करोड़ रुपये का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। यह संभव होगा 15 दिसंबर से आ रही एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) से। ओटीएस के तहत सीधे तौर पर तीन लाख बकायदारों को 135 करोड़ रुपये के ब्याज से मुक्ति मिल जाएगी। निगम ने योजना के तहत पहले पंजीकरण कराने वालों को छूट का लाभ भी ज्यादा देने की घोषणा की है। अधिक छूट पाने के लिए जानिए आपको क्या करना है।

### 30 सितंबर तक के बकाएदार होंगे शामिल

विद्युत वितरण मंडल गाजियाबाद के अधीक्षण अभियंता राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि निगम द्वारा "एकमुश्त समाधान योजना" शुरू की जा रही है, जो विद्युत उपभोक्ता किसी कारणवश अपने विद्युत बिलों का भुगतान 30 सितंबर तक नहीं कर पाए और उन पर विद्युत बिलों का बकाया राजस्व चल रहा है, उनके लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह योजना शुरू की गई है। 15 दिसंबर के शुरू हो रही योजना में पहले पंजीकरण कर बकाएदार ब्याज में अधिकतम सौ प्रतिशत तक छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

योजना के तहत सभी बकायेदार विद्युत उपभोक्ता अपने मूल बकाया राशि के 30 प्रतिशत तक अपने नजदीकी किसी जन सेवा केन्द्र/सहज केंद्र/सरल केन्द्र /विद्युत विभाग कार्यालय अथवा अथवा www.uppcl.org के वेबसाइट पर लागिन कर बकाया धनराशि एकमुश्त अथवा किस्तों में जमा करा सकते हैं। 15 दिसंबर से शुरू हो रही इस योजना में जल्दी आयें ज्यादा छूट पायें, के तहत जो उपभोक्ता पहले चरण में पंजीकृत हो जायेगा उसको अधिकतम छूट प्राप्त होगी।




### वो क्यों दे रहे हैं नजीर कहीं रिपीट ना हो जाये स्टोरी आफ पनीर

पूरी भाजपा में इसी बात के हल्ले हैं कि उस मौहल्ले का टिकट ही प्रदेश उपाध्यक्ष ने बैठकर कराया। सिबंल लेकर ही जाने की बात कह दी। इतने बड़े स्तर का पदाधिकारी अड़ जायेगा इसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। बहरहाल उसके बाद उन्हे अपने कद का अहसास हुआ और जिस टिकट के लिये वो अड़े फिर वोट मांगने उसके लिये नही खड़े हुये। वैसे भी फूल वालें इस बात को लेकर श्योर है कि उनका टिकट जीत की गारंटी है। भले ही टिकट किसी को भी दे दो वो ही जीत जायेगा। वो अठठास कर रहे हैं। मगर नाराज लॉबी कुछ और ही कह रही हैं और वो अपनी बात की मजबूती के लिये सड़क के उस पार वाले मौहल्ले का उदाहरण दे रही है। ध्वज प्रणाम वाले बता रहे हैं कि उस मौहल्ले में भी टिकट को गारंटी माना गया था और बिरादरी को कमजोर। वहां भी हाथ के टिकट पर पनीर वाला जीत गया था। अब ये समझ नही आ रहा है कि मौहल्ले वाले दूसरे मौहल्ले के पनीर की नजीर क्यों दे रहे हैं।

### जीडीए बोर्ड मेंबर वाली लिस्ट में नदिया पार वाले मेंबर का नाम

कमांडर अब माननीय हो गये हैं और वो विकास की बातें कर रहे हैं। नदिया पार वाले अब कैबिनेट में हैं और एक बार फिर से कृपा का बादल नदिया के उस पार ही बरसने जा रहा है। जिन्होने कोरोना काल में अपने घर के दरवाजे बंद कर लिये थे और मना कर दिया था उन्ही पर सरकार का प्यार उमड़ने जा रहा है। बड़े फूल भी जानते हैं कि टिकट किसी को भी दे दो खिलेगा तो कमल ही। लिहाजा उन्हे दोबारा टिकट भी मिला और वो जीत भी गये। सुना है कि उप चुनाव वाले टिकट,कैबीनेट वाली कृपा के बाद अब जीडीए बोर्ड वाली कृपा भी इधर ही आ रही है। बोलने वाले उनकी जय बोल रहे हैं और कह रहे हैं कि जब भगवान की कृपा होती है तो कोई भी पहलवान हो ही जाता है। सुना है कि इस बार नदिया पार के भगवा मेंबर को जीडीए बोर्ड मेंबर बनाने की तैयारी है और ये कोटा भी वैश्य कोटा माना जायेगा। मान कर चलो उनका नाम लिस्ट में आ गया है।

### बदल रही है कहावत फूल वालों को बुला रहा छुटा हुया महावत

हाथी वाले उस रिजेक्ट महावत के जज्बे को सलाम करना ही पड़ेगा। वो महावत भी थे और हाथी के स्टार प्रचारक भी थे। पार्टी उन्हे कुछ भी माने मगर वो तो मौहल्ले प्रधान का ख्वाब पाल कर चल रहे थे। पार्टी ने कहा कि मौहल्ले वाले चुनाव में तो हाथी नही आयेगा तो इतनी सी बात पर हाथी का महावत उतरा तो अक करी ना धक करी और सीधा भीम केतली में घुस गया। चलो यहां तक तो सही है मगर फूल वाले ही बता रहे हैं कि वो छुटा हुया महावत अब फूल वाले देवतुल्यों को बुला रहा है। देवतुल्य भी हैरान हैं कि अब क्या कहें और क्या ना कहें। वो बस इतना ही बता रहे है कि यहां तो कहावत ही बदल रही है। हमारें यहां लोग लाईन लगाये खड़े हैं कि हमें भी भगवाई बनना है।

# दुल्हन की तरह सजे गाजियाबाद के मॉल सांता क्लॉज कर रहा है लोगों का स्वागत






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** क्रिसमस को लेकर मॉल्स सज चुके हैं. बेहद ही खूबसूरती के साथ इन मॉल्स को सजाया गया है, कहीं पर मदर मरियम, तो कहीं पर आकर्षित सांता क्लॉज को लोगों के स्वागत के लिए लगाया गया है। इन दिनों गाजियाबाद के सभी मॉल जगमगाती रोशनी से काफी सुंदर दिख रहे हैं, वहीं छोटी दुकानों को भी स्टार, क्रिसमस ट्री सहित सजावट की अन्य वस्तुओं से सजाया गया है।

साल के इस समय लोग शॉपिंग भी करते है इसी को देखते हुएकई सारे ऑफर ग्राहकों को दिए जा रहे है. ताकि ग्राहक कम कीमत पर अपनी पसंद के अनुसार वस्तुएं खरीद सके. गाजियाबाद में भी चारों ओर क्रिसमस को लेकर चहल-पहल देखी जा रही है, वहीं बच्चों को लुभाने के लिए कई गेम इत्यादि भी लगाए गए है। जिनका आनंद बच्चों को लेते हुए देखा जा सकता है, मॉल के आलावा बड़े चर्च में भी क्रिसमस इव की तैयारी शुरू कर दी गई है। छोटी दुकानों पर सैंटा की टोपी और कपड़ो का चलन देखने को मिल रहा। इंदिरापुरम हैबिटेट सेंटर के वाइस प्रेसिडेंट सुमित शर्मा व एन के शर्मा का कहना है कि क्रिसमस को लेकर मॉल में तैयारी पूरी हो गई है वहीं लोगों का आकर्षण भी बढ़ रहा है उन्होंने बताया 25 क्रिसमस को लेकर मॉल में तैयारी पूरी हो गई है। वहीं लोगों का आकर्षण भी बढ़ रहा है, उन्होंने बताया 25 दिसंबर पर लोगों की काफी भीड़ होती है, जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के भी इंतजाम किए गए हैं।

# हापुड़ डीएम ने किया रैन बसेरों का रियलिटी चेक

## निराश्रित लोगों के बीच बिताया समय, जरूरतमंदों को बांटे कंबल





**हापुड़, करंट क्राइम।** पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर हापुड़ में भी देखने को मिल रहा है। शीतलहर के चलते रात का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक गिर गया। जहां घरों में लोग रजाई में दुबके हुए हैं, वहीं सड़कों पर बेघर लोग ठंड में ठिठुरने को मजबूर हैं। ऐसे में हापुड़ की डीएम प्रेरणा शर्मा ने गुरुवार रात रैन बसेरों का दौरा किया और असहाय लोगों को मदद पहुंचाई।

डीएम प्रेरणा शर्मा ने अतरपुरा चौपला, रेलवे रोड और रेलवे स्टेशन के पास रैन बसेरों में जाकर कंबल वितरित किए। उन्होंने निर्देश दिया कि ठंड से राहत देने के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था निरंतर की जाए। इस पहल से निर्धन और असहाय लोगों को सर्द रातों में राहत मिली।

### बुजुर्गों ने दिया आशीर्वाद

रैन बसेरों में मौजूद बुजुर्गों ने डीएम की इस पहल के लिए हाथ जोड़कर उनका आशीर्वाद दिया। उन्होंने मातहत अफसरों को रैन बसेरों की सफाई, कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए। उनकी यह कोशिश सीधे जनता के दिलों को छू गई। डीएम ने सामाजिक संस्थानों से अपील की कि वे आगे आकर गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने कहा कि इस तरह की छोटी-छोटी कोशिशें समाज को बेहतर और मानवता को मजबूत बनाती हैं। तहसील और ब्लॉक स्तर पर भी अलाव और रैन बसेरों की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है।

डीएम प्रेरणा शर्मा ने आश्वासन दिया कि उनके कार्यालय के द्वार जनता के लिए हमेशा खुले हैं। उन्होंने सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। उनके इस कदम को लोगों ने सराहा और कहा कि ऐसी पहल प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करती है।

# प्रदीप मिश्रा की कथा के कारण रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मेरठ में 15 दिसंबर से होने वाली कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा के कारण शहर में रूट डायवर्जन रहेगा। यातायात पुलिस ने कथा समारोह के चलते यातायात डायवर्जन प्लान तैयार किया है। इसके चलते 15 दिसंबर से 21 दिसंबर तक शहर में रूट डायवर्जन रहेगा। शताब्दी नगर थाना परतापुर मेरठ में कथा का आयोजन होगा। इसमें काफी संख्या में लोग कथा सुनने पहुंचेंगे। ऐसे में वाहनों की संख्या भी काफी रहेगी। इसलिए पुलिस ने यह डायवर्जन प्लान तैयार किया है। जो सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक लागू रहेगा। 15.12.2024 से हापुड़ से आने वाले भारी वाहन खरखौदा थाना तिराहा से मोहिद्दीनपुर होते हुए परतापुर एन0एच0-58 होते हुए बागपत फ्लाई ओवर के नीचे से टी०पी० नगर जा सकेंगे। टी०पी० नगर तथा अन्दर से आने वाला भारी वाहन बिजली बम्बा बाईपास होते हुए हापुड़ की तरफ जायेंगे।

# विकास के लिए चुने भाजपा का पार्षद






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भोवपुर वार्ड 21 में पार्षद का उपचुनाव हो रहा है, जिसमें जगह-जगह बैठकों का दौर चल रहा है। वही भाजपा कार्यकर्त घर - घर जाकर वोट मांग रहे हैं। वहीं भाजपा का प्रत्याशी बिन्नू राम गौतम ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है, गाजियाबाद में सांसद, महापौर, विधायक भाजपा का है। क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा का ही पार्षद चुने। उन्होंने बताया कि 6 साल पहले वार्ड 21 के भाजपा के पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह ने जो क्षेत्र में विकास में अनगिनत कार्य, जैसे सड़क, सीवर, बिजली के तार, स्ट्रीट लाइट, सरकारी स्कूल का निर्माण, व सामुदायिक केंद्र अपने कार्यकाल में कराया था। 6 साल से यहां पर निर्दलीय पार्षद आप लोगों ने चुना है, क्षेत्र का विकास कार्य कुछ नहीं हुआ।

इसलिए जनता से अनुरोध है कि क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा का ही पार्षद चुने जिससे क्षेत्र का विकास पूरा हो सके। वही कार्यकताओं ने पर्ची बनाने का भी कार्य शुरू कर दिया है, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा का कहना है, कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर परिचय बांट रहे हैं। भाजपा का पार्षद वार्ड 21 से जीत का आएगा, क्योंकि कार्यकर्ता हर क्षेत्र में जाकर काम कर रहा है।

# नोएडा के कॉल सेंटर से अमेरिका में ठगी

## ऑनलाइन खरीदते थे डाटा, एक साथ भेजते थे 10 हजार मैसेज, 76 गिरफ्तार



**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा पुलिस ने शुक्रवार को एक फर्जी कॉल सेंटर पर छापेमारी कर 76 लोगों को गिरफ्तार किया। ये लोग लैपटॉप पर बग भेजकर अमेरिकी नागरिकों को अपने जाल में फंसाते थे। फिर इनसे ठगी करते थे। ये लोग करीब 1500 लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया- पकड़े गए लोगों में 67 युवक और 9 युवतियां शामिल हैं। इनमें अधिकतर लोग नॉर्थईस्ट के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से 58 लैपटॉप, 1 एप्पल मैक बुक, 45 लैपटॉप चार्जर, 2 राउटर, 45 हेडफोन, 24 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जिनका डाटा साइबर टीम की मदद से एनालिसिस किया जा रहा है। नोएडा सेक्टर-63 में कुरुनाल रे, सौरम, सादिक और साजिद अली इंस्टा सलूशन नाम से एक कॉल सेंटर चला रहे थे। साइबर फ्रॉड के मामले में ये पहले भी जेल जा चुके हैं।

कॉल सेंटर के लोग खुद को माइक्रोसॉफ्ट का अधिकारी बताकर उनकी समस्या का समाधान करने के लिए 99+ डालर या इससे अधिक का पेमेंट मांगते हैं। जब अमेरिकी नागरिक पेमेंट कर देते तो पीड़ित को एक कमांड बताते। जिससे उनका कम्प्यूटर ठीक हो जाता है।

ये लोग कॉल सेंटर से अमेजन सपोर्ट, टेक सपोर्ट और पे-डे के नाम पर ठगी करते थे। पेमेंट USDT में US के लोगों का पेमेंट कराते हैं, जो डिजिटल करेंसी में होता है। पुलिस की पूछताछ में कॉल सेंटर के एक कर्मचारी ने बताया, हम यूएस के ऐसे नागरिकों का डेटा निकालते थे, जिन्होंने किसी ना किसी साइट पर लोन का आवेदन किया होता था। हम उनके फोन पर लोन के संबंध में एक मैसेज भेजते हैं। जिस व्यक्ति को लोन की जरूरत होती है वह या तो हमें फोन पर मैसेज भेजता या कॉल करता। फिर हम उससे लोन कराने के लिए 100, 500+ (डालर) की मांग करते हैं। अगर उसके पास पैसा होता है तो हम उससे पैसा एप्पल E-BA, वॉलमार्ट गिफ्ट कार्ड के माध्यम से ले लेते हैं। अगर उसके पास पैसा नहीं होता तो हम उसे फर्जी चेक भेजते हैं। कॉल सेंटर के कर्मचारी ने बताया, विदेशी ग्राहकों को एक VOICE NOTE भेजते हैं। जिसमें ग्राहकों को बताया जाता है कि 'आपका पार्सल रेडी टू डिलीवर है। आपने अगर ये पार्सल नहीं मंगाया है, तो आपका अकाउंट चोरी हो गया है।' ये सुनकर ग्राहक डर जाता है। फिर हम ग्राहक से उसका नया अमेजन अकाउंट बनवाने के नाम पर पैसे की मांग करते हैं। हम सभी लोग अपने-अपने लैपटॉप मोबाइल बदल-बदलकर काम करते हैं। हम अधिकतर विदेशी नागरिकों को अपना शिकार बनाते थे, ताकि कोई हमारे ऑफिस आकर शिकायत न कर सकें।

### सिस्टम पर बग भेजकर ठगी

पुलिस ने बताया, कॉल सेंटर में सेक्शन बंटे थे। स्काइप एप के जरिए ग्राहकों का पर्सनल डेटा खरीदते थे। डेटा आने के बाद 10 हजार अमेरिकी नागरिकों के कंप्यूटर में एक साथ बग भेजते, तो कम्प्यूटर की स्क्रीन नीली हो जाती है। इसके बाद स्क्रीन पर एक नंबर दिखाई देता है। इस नंबर पर जैसे ही अमेरिकी नागरिक फोन लगाते तो कॉल उनके सर्वर के जरिए सिस्टम पर आ जाती। कॉल सेंटर में बैठे लोग कॉल रिसीव करते और यहीं से ठगी का खेल शुरू होता।




# कई थाना प्रभारियों की बढ़ी हुई है टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत आने वाले तीन जोन के कई थाना प्रभारियों की टेंशन में चलने की जानकारी मिल रही है। सूत्र बता रहे हैं कि तीनों जोन में कई ऐसे प्रभारी हैं जो एक साहब के जाने के बाद बहुत ज्यादा परेशान चल रहे हैं। उनको समझ नहीं आ रहा है, उनकी पारी कितनी लंबी चलेगी और कौन उनका सुझाव और समाधान बताएगा। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते दिनों एक आईपीएस वाले साहब के जाने की कमी पुलिस के हर कार्यालय और प्रकोष्ठ में नजर आ रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बताते हैं कि वह खुद भी कई कार्यालयों की वर्किंग को सुधारने के लिए मेहनत किया करते थे। इसी का नतीजा है उनकी कमी कई कार्यालयों को भी खल रही है। वहीं पुलिस के बड़ी संख्या में कर्मचारी हैं जो उनके वर्किंग स्टाइल और व्यवहार की अभी तक अपने-अपने कार्यालयों में चर्चा करते हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन में दो थाना प्रभारी टेंशन में चल रहे हैं। तो एक अपने काम से जमे हुए हैं। तो नदिया पार में भी दो थाने में हलचल मची हुई है। एक की पारी लम्बी तो दूसरे को भी कुछ समझ नहीं आ रहा है। इसके साथ ही देहात जोन में भी कई थाने ऐसे हैं,जहां के प्रभारी मन ही मन सोच रहे हैं। उनपर कभी भी कार्रवाई हो सकती है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लगभग आधा दर्जन ऐसे थाना पप्रभारी हैं, जो अभी टेंशन वाले मोड में हैं। उनको समझ नहीं आ रहा है कि उनकी पारी आने वाले दिनों में ठीक से चलेगी भी या नहीं। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नए साल के पहले या बाद में कुछ थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करने के बाद कुछ को नई पोस्टिंग और कुछ को रेस्ट दिया जाएगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि अभी कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कुछ प्रभारी के लिए आने वाले दिनों में कई सूचनाओं सुनाई दे सकती हैं। कुल मिलाकर साल के अंतिम दिनों में देखना होगा किसको पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में न्यू ईयर वाला गिफ्ट और किसको शिफ्ट किया जाता है।



# गद्दा-रजाई बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग

## शॉर्ट सर्किट की वजह से 12 लाख का सामान जलकर राख



**नोएडा, करंट क्राइम।** वर कस्बे में आग लग जाने से एक गद्दा और रजाई बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का भारी नुकसान हुआ है। साथ ही फैक्ट्री के अंदर सो रहा एक कर्मचारी भी झुलस गया। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी जब तक आग पर काबू पाती, उससे पहले ही लाखों रुपये का नुकसान हो चुका था।

पुलिस का कहना है कि आग के कारणों की जांच की जा रही है। जेवर कस्बा निवासी शकील की वैना रोड पर गद्दा और रजाई बनाने की फैक्ट्री है। उनका कहना है कि जहां पर गुरुवार रात कर्मचारी रात के समय काम करके सो गए थे। देर रात को फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। धुंआ निकालने पर जब मामले की जानकारी कर्मचारियों को हुई तो उन्होंने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन वह असफल रहे। जिसकी जानकारी अन्य और लोगों को और फायर ब्रिगेड को भी दी गई। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया।

गनीमत रही की गली में अन्य घरों की तरफ भी आग बढ़ रही थी। लेकिन उसे पर समय रहते काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक करीब 12 लाख रुपये का भारी नुकसान फैक्ट्री में हो चुका था। साथी ही एक कर्मचारी भी इस दौरान फैक्ट्री में काम करने वाला झुलस गया। जिसकी पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है प्राथमिक जांच में पता चला है कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से घटना हुई है। उसके बावजूद भी शिकायत मिलने पर मामले में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी जीवन संजय सिंह का कहना है कि अभी तक की जांच में शॉर्ट सर्किट से ही आग लगा पाया गया उसके बावजूद भी मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लोन कंपनी से 1 करोड़ का सोना चोरी, महिला मैनेजर ने की चोरी, जांच पड़ताल कर एक महीने बाद केस दर्ज



**नोएडा करंट क्राइम।** सेक्टर-18 में गोल्ड लोन उपलब्ध कराने वाली कंपनी के ब्रांच से महिला मैनेजर ने एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत के सोने के जेवरात चोरी कर लिए। चोरी की घटना स्वीकार करने के बाद युवती नौकरी छोड़कर चली गई। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी युवती की करतूत कैद हो गई। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने शिकायत मिलने के एक महीने बाद सहायक ब्रांच मैनेजर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जितेंद्र सिंह निगम ने पुलिस को बताया कि वह टू कैप फाइनेंशियल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की सेक्टर-18 स्थित शाखा में सहायक मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी कंपनी आरबीआई के दिशा-निदेर्शों के तहत लोगों को सोना गिरवी रखने पर लोन उपलब्ध कराती है। जो लोग लोन नहीं चुका पाते हैं तो उसे दिशा-निदेर्शों के तहत नीलाम कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि उनके यहां पर सलारपुर कॉलोनी निवासी ज्योति शर्मा ब्रांच मैनेजर के रूप में कार्य करती थी। सितंबर 2024 में ब्रांच से कुछ सोना गायब होने की सुगबुगाहट मिली।

### कपड़े में बांधकर सोना ले गई युवती

वरिष्ठ अधिकारियों को ई-मेल के माध्यम से सूचना दी। कंपनी ने ऑडिट कराया तो एक करोड़ सात लाख रुपए कीमत का सोना गायब मिला। इसके बाद ब्रांच में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकलाई गई। जिसमें ज्योति शर्मा कपड़े में बांधकर सोने के जेवरात चोरी कर ले जाते हुए मिली।

इस संबंध में कंपनी द्वारा ज्योति शर्मा से पूछताछ की गई तो उसने चोरी की घटना को लिखित स्वीकार कर लिया। साथ ही जल्द से जल्द सोना वापस करने का आश्वासन दिया। दीपावली के दौरान ज्योति ने ब्रांच में आना बंद कर दिया।

### फोन किया बंद, फरार

फोन पर संपर्क किया तो संपर्क नहीं हुआ। कंपनी की ओर से छह नवंबर को थाने में लिखित शिकायत दी गई। साथ ही ब्रांच में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी दी गई। पुलिस ने जांच करने के बाद 11 दिसंबर को ज्योति शर्मा और उसकी मां व रिश्तेदार के खिलाफ केस दर्ज किया है। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र का कहना है कि आरोपी युवती को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली-मुंबई-तुर्किये जा रहे इंडिगो के 400 यात्री इस्तांबुल में फंसे, खाने को तरसे, एयरलाइन ने दी सफाई



**इस्तांबुल ।** डिगो का सिस्टम एक बार फिर ठप हो गया। नई दिल्ली-मुंबई और तुर्किये के बीच यात्रा करने वाले करीब 400 यात्री इस्तांबुल हवाईअड्डे पर 24 घंटे तक फंसे रहे। जब परेशान यात्रियों ने सवाल करना शुरू किया तो एयरलाइन का कहना था कि परिचालन संबंधी कारणों से उड़ान में देरी हुई।

यात्रियों ने सोशल मीडिया मंच एक्स और लिंक्डइन पर अपना गुस्सा जताया। उन्होंने दावा किया कि उड़ान में पहले देरी हुई और फिर बिना किसी जानकारी के उसे रद्द कर दिया गया। अनुश्री भंसाली नाम की एक यात्री ने बताया कि उड़ान पहले दो घंटे देर हुई और फिर अचानक बताया गया कि उसे रद्द कर दिया गया है। आखिरकार 12 घंटे बाद बताया गया कि उड़ान का समय बदला गया है, जिससे हम सभी फंस गए।

उन्होंने बुखार और थकान की शिकायत करते हुए कहा कि यात्रियों को न तो ठहरने की कोई सुविधा दी गई और न ही भोजन उपलब्ध कराया गया। इतना ही नहीं बल्कि इंडिगो के किसी कर्मचारी ने भी हमसे संपर्क नहीं किया। ठंड में ठिठुरे लोग एक अन्य यात्री रोहन राजा ने कहा कि दिल्ली से सुबह छह बजकर 40 मिनट पर उड़ान रद्द होने के बाद लोगों को ठंड से जूझना पड़ा। उनका दावा था कि एयरलाइन ने उन्हें कथित रूप से उपलब्ध कराए गए आवास तक कोई परिवहन उपलब्ध नहीं कराया।

एक और यात्री पार्श्व मेहता ने बताया कि सवा आठ बजे की उड़ान को पहले रात 11 बजे तक टाला। उसके बाद फिर अगले दिन सुबह 10 बजे टाल दिया गया। अफरा-तफरी की स्थिति तब बन गई जब इंडिगो की ओर से कोई घोषणा नहीं की गई और जानकारी तुर्की एयरलाइंस के चालक दल से हासिल हुई। घंटों तक खड़े रहे लोग उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'हमें बताया गया था कि हमें मुआवजे के रूप में इस्तांबुल हवाई अड्डे पर लाउंज मिलेगा। मगर लाउंज फंसे हुए यात्रियों की संख्या में काफी छोटा था। हम में से कई लोग घंटों तक खड़े रहे। मगर कोई वैकल्पिक उड़ान उपलब्ध नहीं कराई गई। यहां तक कि कोई उचित जानकारी भी नहीं दी गई थी।'

### सबसे खराब एयरलाइनों में शुमार इंडिगो

इस महीने की शुरूआत में एयरहेल्प स्कोर रिपोर्ट 2024 ने इंडिगो को दुनिया की सबसे खराब एयरलाइनों में शामिल किया था, विश्लेषण की गई 109 एयरलाइनों में से इसे 103वां स्थान दिया गया था।

# गाजा में युद्ध और विस्थापन की पीड़ा से त्रस्त आधी आबादी, फलस्तीनी महिलाओं की दास्तां

**नई दिल्ली ।** हमारे पास कुछ बचा है तो वो है उम्मीद और स्वयं की शक्ति। ये कहना है गाजा युद्ध के कारण मौत के दर्द और विस्थापन से त्रस्त महिलाओं का। गाजा में जारी युद्ध का सबसे अधिक खामियाजा महिलाओं व लड़कियों को भुगतना पड़ रहा है, जिनके लिए इन हालात में सुरक्षित स्थान सिकुड़ते जा रहे हैं। युद्ध की भयावहता के बीच अलग-अलग पीढ़ियों व अलग-अलग क्षेत्रों से विस्थापित महिलाओं की दर्दभरी दास्तां।

इस युद्ध ने मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी है। हमें बार-बार विस्थापित होना पड़ा है, जिससे मेरी शिक्षा और मेरे दोस्त छिन गए। जिस डर के साथ हम जी रहे हैं, उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। ये शब्द हैं- 14 साल की लीन नाहल के, जो इतनी छोटी सी उम्र में ही गाजा में पांच युद्ध देख चुकी हैं और कई बार विस्थापित होने को मजबूर हुई हैं।

लीन नाहल बताती हैं कि पहले



हम खाना, फल, और कपड़े खरीदने में सक्षम थे। अब हम आठ लोग एक अस्थाई तम्बू में सिमट कर रहने को मजबूर हैं।

मुझ पर जिम्मेदारियों का इस तरह बोझ आ पड़ा है, जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। लीन नाहल एक समय पर अपनी कक्षा की सबसे होनहार छात्रा थी, लेकिन 2023 के अंत में युद्ध बढ़ने के बाद उनकी जिंदगी पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई। उनके अनेक उसके दोस्त और सहपाठी गाजा छोड़कर अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए विदेश चले गए।

वो कहती हैं कि अब मैं तम्बू में बैठी हूं, मेरी किताबें, स्कूल की वर्दी और बैग सब गायब हो चुके हैं। ऐसा महसूस होता है जैसे मेरा भविष्य, मेरी शिक्षा और मेरा बचपन मुझसे छिन गया है। मेरा सपना है कि यह युद्ध खत्म हो और मैं बड़ी होकर इतिहास की शिक्षिका बनूं और फलस्तीन के इतिहास व हमारे कभी न खत्म होने वाले दर्द की कहानी सबको सुना सकूं। इस युद्ध ने गाजा के सभी लोगों को प्रभावित किया है, चाहे वो नाहल जैसी छोटी बच्चियां हों या थुराया अल गौरानी जैसी बुजुर्ग महिलाएं।

85 वर्ष की थुराया अल गौरानी कहती हैं कि मेरा जीवन की रूप-रेखा, विस्थापन ने ही निर्धारित की है। मुझे 1948 का वो दिन आज भी याद है।

# ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध की आशंकाओं से नहीं किया इनकार

**वॉशिंगटन ।** ट्रंप ने कहा कि 'कुछ भी हो सकता है। कुछ भी हो सकता है। यह एक बहुत ही अस्थिर स्थिति है।' ट्रंप ने कहा, 'उन्हें लगता है कि फिलहाल सबसे खतरनाक स्थिति यूक्रेन द्वारा रूस के भीतर मिसाइलें दागना है, जिससे लड़ाई और भीषण हो सकती है।

गौरतलब है कि अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी ट्रंप का रुख ईरान के प्रति खासा सख्त रहा था। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड दल ने ट्रंप की हत्या की धमकी दी थी, जिसके बाद ट्रंप ने ईरान को कड़े शब्दों में धमकी दी थी। हालांकि ईरान ने आरोपों से इनकार किया था। साल 2020 में ट्रंप ने ही ईरान के खिलाफ हवाई हमले की मंजूरी दी थी, जिसमें ईरान के शीर्ष सैन्य कमांडर कासिम



सुलेमानी की मौत हो गई थी।

ट्रंप ने ही ईरान के साथ परमाणु समझौता तोड़कर लगाए थे आर्थिक प्रतिबंध साल 2015 में बराक ओबामा सरकार में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौता हुआ था, लेकिन साल 2018 में ट्रंप ने उस समझौते को तोड़कर ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे, जिससे ईरान की यूरेनियम संवर्धन की क्षमता कम हो गई थी और उसके परमाणु कार्यक्रम को बड़ा झटका लगा था। अब जब ट्रंप फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं तो माना जा रहा है कि अमेरिका फिर से ईरान पर दबाव बढ़ा सकता है।

# चीन के कुछ उत्पादों पर अमेरिका ने आयात शुल्क में फिर की वृद्धि, एक जनवरी से बढ़ेगा टैरिफ

**वॉशिंगटन ।** बाइडन प्रशासन ने अमेरिकी स्वच्छ ऊर्जा व्यवसायों की रक्षा के लिए चीन से सौर वैफर्स, पॉलीसिलिकॉन और कुछ टंगस्टन उत्पादों पर टैरिफ (आयात शुल्क) बढ़ाने की योजना बना ली है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के कार्यालय के नोटिस में कहा गया है कि चीनी व्यापार प्रथाओं की समीक्षा के बाद, सौर वेफर्स और पॉलीसिलिकॉन पर टैरिफ 50% तक बढ़ जाएगा और कुछ टंगस्टन उत्पादों पर शुल्क 25% तक बढ़ जाएगा। यह टैरिफ 1 जनवरी से प्रभावी होगा।

यूएसटीआर (अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि) कैथरीन ताइ ने कहा, आज घोषित टैरिफ वृद्धि चीन की हानिकारक



नीतियों और प्रथाओं को काफी हद तक रोक कर देगी। यह कार्रवाई स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अर्थव्यवस्था, महत्वपूर्ण आपूर्ति शृंखलाओं के लचीलेपन को बढ़ाते हुए बाइडन-हैरिस प्रशासन के तहत किए गए घरेलू निवेश का पूरक होगी। पिछले हफ्ते, वाशिंगटन ने उन्नत सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी तक चीनी पहुंच पर प्रतिबंध कड़े कर दिए। इन सख्त उपायों को लेकर बीजिंग ने गैलियम, जर्मेनियम और एंटीमनी जैसे कंप्यूटर चिप्स बनाने के लिए जरूरी खनिजों के अमेरिका से आयात पर प्रतिबंध लगाकर जवाब दिया। चीन इन सामग्रियों में से अधिकांश के एक बहुत बड़े हिस्से का प्रदाता है। माना जा रहा है कि अमेरिका में 20 जनवरी के बाद डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद व्यापार युद्ध बढ़ने से पहले ही बाइडन प्रशासन ने चीनी उत्पादों पर सख्ती बढ़ा दी है। इसका नतीजा यह हुआ कि चीन ने भी कुछ उत्पादों पर टैरिफ बढ़ा दिया। अमेरिका ने टंगस्टन पर 25% टैरिफ बढ़ाने की तैयारी की है।

### टैरिफ वृद्धि की घोषणा के बीच ट्रंप ने शी को बुलाया

अमेरिकी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अपने 20 जनवरी को होने जा रहे शपथ समारोह में आने का निमंत्रण दिया है। इसकी जानकारी सीबीएस न्यूज ने सूत्रों के हवाले से करते हुए बताया कि ट्रंप ने चुनाव के तुरंत बाद नवंबर की शुरूआत में ही शी को आमंत्रित किया था।

# चिन्मय कृष्ण प्रभु की जमानत पर नहीं हुई सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

**ढाका ।** बांग्लादेश की चिटगांव जेल में बंद चिन्मय कृष्ण प्रभु की जमानत पर बृहस्पतिवार को सुनवाई नहीं हो सकी। चिन्मय कृष्ण के वकील रवींद्र घोष को जमानत की दलील से रोका गया। वकील ने जमानत के प्रयास किए, लेकिन कट्टरपंथी वकीलों और जज द्वारा उठाए गए अजीब दावों के सामने वे दलील पेश नहीं कर पाए।

### कोर्ट ने रखी अजब-गजब मांग

जानकारी के मुताबिक आज जब इस्कॉन से जुड़े चिन्मय कृष्ण के वकील कोर्ट पहुंचे तो उनसे जज ने कहा, इसके लिए चिटगांव से एक वकील चाहिए। इस पर आश्चर्य जताते हुए, इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा, यह अजीब बात सामने आई



है।

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट के वकील रवींद्र घोष उनका केस लड़ रहे हैं। अभियोजन पक्ष के 40 से 50 वकीलों ने भी चिटगांव से वकील की मांग की। घोष ने कहा, मैं तो चिटगांव बार में प्रैक्टिस नहीं करता, सुप्रीम कोर्ट बार में करता हूं। बार सदस्य हूं। तो फिर पूरे देश में यह हो सकता है। अब अगर कानून का उल्लंघन होता है, तो मैं क्या कर सकता हूं! सब सुनने के बाद जज ने इस मामले को फिर से पेंडिंग कर दिया। सरकारी वकील मुहैया करवाए युनूस सरकार इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने कोर्ट द्वारा चिन्मय कृष्ण की जमानत फिर से लंबित करने पर अदालत से स्थानीय वकील की मांग की है, जबकि वहां पर वकीलों ने किसी भी स्थानीय वकील को चिन्मय कृष्ण प्रभु का केस नहीं लड़ने की चेतावनी दी हुई है। ऐसे में चिन्यम कृष्ण प्रभु को वकील मिलना मुश्किल है। दास ने कहा, युनूस सरकार चिन्यम कृष्ण प्रभु को सरकार वकील मुहैया कराए।

सुनवाई आगे बढ़ाने के लिए एक और याचिका दायर : बांग्लादेश में राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए हिंदू महंत चिन्मय कृष्ण दास के वकील ने बृहस्पतिवार को उनकी जमानत पर सुनवाई को आगे बढ़ाने के लिए एक नई याचिका दायर की है। बता दें कि चटगांव की अदालत ने एक दिन पहले इसी तरह की याचिका को खारिज कर दिया था।

### विजय दिवस आ सकता है बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल

भारतीय सेना का पूर्वी कमान आगामी 16 दिसंबर को कोलकाता के फोर्ट विलियम में विजय दिवस समारोह मनाने जा रही है।

# बाइडन ने इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए बनाई खास रणनीति

**नई दिल्ली ।** इस्राइल-गाजा जंग शुरू होने के बाद अमेरिका में मुस्लिमों और अरब के खिलाफ नफरत तेजी से बढ़ रही है। इसी का मुकाबला करने के लिए लंबे समय से इंतजार की जा रही रणनीति का राष्ट्रपति जो बाइडन ने



गुरुवार को खुलासा किया। उन्होंने भेदभाव को कम करने के लिए निरंतर काम करने का आह्वान किया। ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले एलान 64 पन्नों का यह दस्तावेज डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से कुछ सप्ताह पहले आया है। बता दें, ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान कुछ मुस्लिम बहुल देशों के लोगों की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# मार्शल लॉ को लेकर नेशनल असेंबली पीएम और मंत्रियों से पूछेगी सवाल

**सोल।** योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य विपक्षी 'डेमोक्रेटिक पार्टी' और विदेश मंत्री चो ताए-युल सहित अन्य से उपस्थित होने की अपील की।



(डीपी) भी मार्शल लॉ लागू करने के उनके असफल प्रयास के लिए यून के खिलाफ एक नया महाभियोग प्रस्ताव पेश करेगी। इससे पहले कुछ दिनों पहले कोरम की कमी के कारण वे महाभियोग से बच गए थे।

शुक्रवार के पूछताछ सत्र के दौरान, विपक्षी सांसदों द्वारा कैबिनेट सदस्यों से यूं के पिछले दिन के सार्वजनिक संबोधन के बारे में प्रश्न पूछे जाने की उम्मीद है। जो मुख्य रूप से उनके मार्शल लॉ की घोषणा का बचाव करने और इसे विद्रोह की कार्रवाई मानने से इनकार करने से जुड़ा था।

विपक्ष ने प्रधानमंत्री हान डक-सू, वित्त मंत्री चोई सांग-मोक, शिक्षा मंत्री ली जू-हो

बुधवार को पूछताछ सत्र के दौरान हान ने मार्शल लॉ गड़बड़ी के लिए माफी मांगी और कहा कि घोषणा से कुछ मिनट पहले आयोजित छोटी कैबिनेट बैठक में कोई भी यून की योजना से सहमत नहीं था।

डीपी ने शनिवार को संसद के पूर्ण सत्र में यून के नए महाभियोग प्रस्ताव को मतदान के लिए रखने की योजना बनाई है। कानून के अनुसार, महाभियोग प्रस्ताव को पूर्ण सत्र में रिपोर्ट किए जाने के 24 से 72 घंटों के बीच मतदान के लिए रखा जाना चाहिए। पहले प्रस्ताव को रद्द करने के बाद, डीपी ने हर सप्ताह यून के महाभियोग को पारित करने के लिए जोर देने की कसम खाई।

# मैड्रिड ने इंपीरियल स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फोरम की मेजबानी की

**बीजिंग ।** चीनी पीपुल्स एसोसिएशन फॉर फ्रेंडशिप विद फॉरेन कंट्रीज, ऑस्ट्रेलिया-चीन फ्रेंडशिप सोसाइटी, क्वांगतोंग प्रांतीय पीपुल्स सरकार और ग्लोबल लीडर्स एलायंस द्वारा सह-प्रायोजित इंपीरियल स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फोरम-2024 11 से 12 दिसंबर तक स्पेन की राजधानी मैड्रिड में आयोजित किया गया। फोरम का विषय एक भविष्य के लिए सामूहिक कार्रवाई था। सम्मेलन चचाओं और समानांतर मंचों सहित दस से अधिक महत्वपूर्ण गतिविधियां हुईं।

हम खुले, समावेशी और ईमानदार आदान-प्रदान के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत कर सकते हैं और चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।

चीनी पीपुल्स एसोसिएशन फॉर फ्रेंडशिप विद फॉरेन कंट्रीज के अध्यक्ष यांग वानमिंग ने कहा कि भविष्य का सामना करने के लिए, सभी पक्षों को एकता और सहयोग बढ़ाने के लिए व्यावहारिक कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने सभी से वैश्विक चुनौतियों का जवाब देने, सच्चे बहुपक्षवाद की रक्षा करने और इतिहास के सही पक्ष पर खड़े होने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। इसके अलावा, उन्होंने मानव जाति के लिए साझा भविष्य वाले समुदाय को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया, दुनिया के लिए मिलकर काम करने की भावना पर जोर दिया और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि में योगदान दिया।

इस मंच ने 40 से अधिक पूर्व विदेशी गणमान्य व्यक्तियों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के पूर्व प्रमुखों और 90 से अधिक प्रसिद्ध चीनी और विदेशी विशेषज्ञों, विद्वानों और व्यापारिक नेताओं को आकर्षित किया।

2014 में स्थापित, इंपीरियल स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फोरम चीन के क्वांगतोंग प्रांत में आठ बार आयोजित किया गया है।




**स्लोवेनिया के पूर्व राष्ट्रपति और ग्लोबल लीडर्स एलायंस के अध्यक्ष डैनिलो तुर्क ने अपने उद्घाटन भाषण में जोर देकर कहा कि इंपीरियल स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फोरम आपसी विश्वास बनाने और समझ को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है।**

# गाजा पट्टी पर फिर इस्राइल का हवाई हमला, 25 की मौत

**गाजा ।** 7 अक्टूबर 2023 को इस्राइल पर हमास के हमले के साथ शुरू हुआ इस्राइल-हमास युद्ध दिन-प्रतिदिन और खतरनाक होता हुआ जा रहा है। इसमें अभी तक सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। इसी बीच गुरुवार को गाजा पट्टी के मध्य मेंइस्राइल हवाई हमले में कम से कम 25 फलस्तीनी मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए।

इस हमले को लेकर फलस्तीनी चिकित्सकों ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार द्वारा गाजा में युद्ध को समाप्त करने के लिए युद्ध विराम समझौते की उम्मीद जताने के कुछ ही घंटों बाद 25 शव हुए बरामद गाजा पट्टी के दो अस्पतालों, उत्तर में अल-अवदा अस्पताल और मध्य गाजा में अल-अक्सा अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें शहरी नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक



बहुमंजिला आवासीय इमारत पर इस्राइल हमले में कुल मिलाकर 25 शव मिले हैं। अस्पताल में अधिकतर बच्चे इसके साथ ही फलस्तीनी चिकित्सकों ने यह भी बताया कि दोनों अस्पतालों में 40 से अधिक लोग, जिनमें से अधिकांश बच्चे थे, उपचार प्राप्त कर रहे थे। अल-अक्सा अस्पताल ने कहा कि इस्राइल हमले ने नुसेरात में आस-पास के कई घरों को भी नुकसान पहुंचाया। हालांकि घातक हमले पर इस्राइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

# इमरान के समर्थन में हिंसा करने वालों को सजा सुना सकेंगी सैन्य अदालतें

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में नौ मई 2023 को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थन में हिंसा करने वाले 85 लोगों के खिलाफ आरक्षित फैसलों को सैन्य अदालतें सुना सकेंगी। पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सैन्य अदालतों को इसकी सशर्त अनुमति दी।



न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने पिछले साल के पांच सदस्यीय पीठ के फैसले के खिलाफ अंतर न्यायालयी अपील पर सुनवाई की। पांच सदस्यीय पीठ ने अपने फैसले में इन नागरिकों के मुकदमे सैन्य अदालतों की बजाय आपराधिक अदालतों में चलाने के लिए कहा था।

# जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का समयान्तराल पर निस्तारण किया जाए : डीएम इन्द्र विक्रम सिंह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी प्रशासन कार्यालय में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा जनसुनवाई की गये। जनसुनवाई से सम्बंधित प्रकरणों को समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने हेतु अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकताओं एवं प्राथियों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़ें से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होने शिकायतकताओं को समयावधि देते हुए कहा कि यदि दिये गये समय में शिकायत का निष्पक्ष, स्वतंत्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होता है तो आप मुझसे दोबारा मिल सकते है, जिससे कि शिकायत का निष्पक्ष, स्वतंत्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके। इस मौके पर एडीएम एल/ए सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।





## जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार

# जिला श्रम बंधु की बैठक अपर जिलाधिकारी रणविजय सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार जिला श्रम बन्धु की बैठक अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रणविजय सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मा. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश 25 नवंबर 24 के अन्तर्गत विकास प्राधिकरण, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, लोक निर्माण विभाग आदि विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं तथा क्रेडाई के माध्यम से विभिन्न बिल्डर्स को श्रम विभाग से साथ समन्वय एवं सहयोग करके विभिन्न निर्माण कार्यस्थलों पर कार्यरत निर्माण श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराने एवं पूर्व से पंजीकृत श्रमिकों का नवीनीकरण कराने के निर्देश दिये गये।



### गणमान्य लोग उपस्थित रहे

बैठक में सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अनुराग मिश्र उप श्रमायुक्त, वीरेन्द्र कुमार सहायक श्रमायुक्त, विपिन गिरि प्रेसीडेन्ट क्रेडाई (बिल्डर एसोसिएशन), अमरीष कुमार गोयल लघु उद्योग भारती, श्रीनाथ पासवान उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, वीरेन्द्र कुमार अधिशासी अभियन्ता यू0पी0पी0सी0एल0, श्री एस0पी0मिश्र अधिशासी अभियन्ता नगर निगम, महेन्द्र कुमार सिंह मुख्य अभियन्ता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, कृष्ण कान्त मिश्र अधिशासी अधिकारी लोनी, पुष्पलता जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, राजेन्द्र कुमार अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, अनिल कुमार गिरि क्षेत्रीय महामंत्री हिन्द मजदूर सभा, श्रीकृष्ण कुमार कोषाध्यक्ष सीटू से उपस्थित रहे।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** फिलहाल हमें बनता नहीं दिख रहा भगवागढ़ में भगवा राम का काम? हम चाहते हैं कि अपने इस पोलिटिक्ल सन्यास में वो रखें थोड़ा अपने भगवा लक्ष्मण का ध्यान? करें उनको सरकारी वाला काला कोट पहनाने का प्रयास? इस बार कैसे ही पूरी करा दें वो उनकी आस? कहने वाले ने कहा इस बात के सभी गवाह हैं? जब–जब जहां–जहां भगवा राम रहे है, तब–तब निभाया है उनके लक्ष्मण ने उनका साथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने देखी एक वीडियो और उस वीडियो को देखकर हुआ हमें इस बात का एहसास? हमें ये कन्फर्म हो गया कि अखिलेश जी के दिल में सपा नेता अलाउद्दीन अब्बासी की जगह है बहुत ही खास? वीडियो में हमने देखा, भैया जी ने पकड़ा हुआ था काफी देर तक अब्बासी जी का बात करते हुए हाथ? अब्बासी जी उनके कानों में गुफ्तगू भी करते हुए भी दिखाई दिये? ये लम्हा करा रहा था अच्छी खासी नजदीकियों का अहसास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा युवा वाले भैया डेढ़ा राजनीति में नहीं खाते हैं येढ़ा बनकर पेड़ा? भले ही उनके हों भगवा रेस्लर से सम्बन्ध बहुत ही खास? पहलवान अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार है, इस बात का भी है उनको एहसास? बावजूद इसके वो भी कर रहे हैं महानगर अध्यक्ष बनने की दावेदारी? जगह–जगह रख रहे हैं वो अपनी रायशुमारी? उनको भी मजबूती से खेलनी है भगवागढ़ की राजनीति में अपनी पारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम नागर जी के पारिवारिक सैलीब्रेशन में थे पूरी मजबूती से मौजूद? यहां पर हमें कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ–साथ दिखाई दे रहा था भाजपा के और भी नेताओं का वजूद? मगर नागर जी के इस कार्यक्रम में हमें नहीं हो रहा था उनके सबसे प्रिय साहब की मौजूदगी का एहसास? परिवार का भी कोई सदस्य नजर नहीं आ रहा था साहब? कहने वाले ने कहा हो सकता है ये हो हमारा ही डाउट? बाकी कुरेद लेना नागर जी को, वो ऊपर से कठोर और अंदर से नरम हैं? जरूर करेंगे वो अपनी भावनाओं को आउट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से कही है गर्ग साहब ने महानगर अध्यक्ष वाले मैटर में किसी भी जनप्रतिनिधि के दखल नहीं करने पर बात? तब से विधायक खेमे में अजीब सी हलचल दिखाई दे रही है साहब? विधायक खेमे के समर्थक ला रहे हैं अब बातें बाहर? कह रहे हैं कि इस बार गर्ग साहब दखल नहीं करने के लिए कह रहे हैं? क्या इससे पहले नहीं निभाया है उन्होंने ऐसा किरदार? कहने वाले ये भी कह रहे हैं कि हमें पॉसीबल ही नहीं लग रहा कि अध्यक्ष पद की ताजपोशी में गर्ग साहब नहीं रखेंगे अपने विचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही विधानसभा का चुनाव अब होगा 2027 में? मगर अभी से शहर सीट और साहिबाबाद सीट आ गई है फाईट में? कहने वाले कह रहे हैं कि आने वाले चुनाव में इन दो सीटों में से एक ही सीट पर उतारा जायेगा ब्राह्मण उम्मीदवार? क्या पुराने चेहरे पर विचार होगा या नए वाले चेहरे का होगा उद्धार? कहने वाले ने कहा यूं ही नहीं बजाया जा रहा है पुष्पा–2 का फायर वाला गाना इस बार जोरदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भोवापुर में हो रहा है पार्षद का उपचुनाव? हम देख रहे हैं इस चुनाव में सटे हुए मौहल्ले के पार्षद ज्यादा नहीं दिखा रहे हैं झुकाव? सौलंकी भैया और गोयल साहब अभी तक हैं चुनाव से दूर? या तो उन्हें पार्टी भाव नहीं दे रही है? या फिर दोनों ने खुद बनाया हुआ है दूरियों का दस्तूर? ये तो इन दोनों का दिल जानता है कि इसमें किसका है कसूर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बृज वाले एरिया में अगर इस बार करना पड़ा मौजूदा भगवा कमिश्नर को तैयार? तो फिर ये भी कन्फर्म है कि त्याग की भावना रखने वाले दूसरे चेहरे को मिलेगा यहां पर भाव? इस बार बॉबी पिक्चर की तर्ज पर नहीं खोएगी इस चेहरे की चाबी? सुना है इनकी सिफारिश नदिया पार के इधर के विधायक कर रहे हैं बहुत ही हावी? वो पूरी मजबूती से बना रहे हैं उनकी बात? बात में और दम आ जायेगा अगर मिल जायेगा हैवीवेट वालों का आशीर्वाद?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूरे मान से बतायी जाती है प्रजापति की सिंह साहब के दिल में जगह खास? हम थे एक विवाह कार्यक्रम में मौजूद? वहां पर भर–भर कर बाहर आ रहे थे प्रजापति के जज्बात? कह रहे थे वो सभी से अपने कल्याण होने की बात? कह रहे थे हो रही है इस बार हमारे आईडियल नेता की प्रमुख सीट पर ताजपोशी? इस बार मेरा भी पूरा होकर रहेगा ख्वाब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जिम्मेदारी लेने को लेकर युवा जाट चेहरे का मन भी कर रहा है ईलू–ईलू? पता चला है कि मंडल अध्यक्ष बनना चाहते हैं मिस्टर चौपड़ा के डीयर फ्रैंड मिस्टर लीलू? कर दी है उन्होंने अपनी भावनाएं अधिकतर जगह पर प्रकट? कह दिया है मैं पहुंचना चाहता हूं इस जिम्मेदारी के निकट? कहने वाले ने कहा उनका ये ख्वाब एक ही चेहरा पूरा कर सकता है श्रीमान? जिसे कहा जाता है मिस्टर पहलवान? मगर जब से आए हैं मिस्टर लीलू गागर में सागर भरने वाले नागर जी के नजदीक? तबसे हम कन्फ्यूज हैं कि मिस्टर पहलवान इस मुहिम में उनके लिए रहेंगे कितना ठीक?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# दीपावली पर्व पर आकर्षक लाइटों से सजा शहर, नगर आयुक्त ने व्यापारियों तथा टीम को किया पुरस्कृत

## जन सहभागिता शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में बहुत जरूरी : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में दीपावली महापर्व पर गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ-साथ शहर को सुंदर लाइटिंग से सजाया भी गया था, जिसमें न केवल लाइटिंग पोल पर तिरंगे की लाइट लगाई गई थीं बल्कि मुख्य मार्गों पर नई-नई आकृतियों के लाइट बोर्ड भी लगाए गए थे, व्यापारियों द्वारा भी निगम का सहयोग करते हुए बाजारों को सुंदर स्वच्छ और आकर्षक लाइटों से प्रकाशित बनाया गया जिसके लिए नगर निगम द्वारा सर्वोच्च बाजारों को चिन्हित करते हुए उनको पुरस्कृत किया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी संबंधित को प्रशस्ति पत्र दिए गए। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए दीपावली महापर्व पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बाजारों को जोड़ते हुए शहर को स्वच्छ सुंदर के साथ-साथ प्रकाश युक्त बनाया गया आयोजित प्रतियोगिता में लगभग गाजियाबाद नगर निगम के 20 व्यापार मंडलों ने प्रतिभा किया जिसमें से सात सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले व्यापार मंडलों को पुरस्कृत किया गया। इन बाजारों में प्रकाश व्यवस्था बेहतर पाई गई तथा आवागमन भी सरल रहा। नियमित साफ-सफाई का भी व्यापारियों द्वारा ध्यान रखा गया तथा अवैध अतिक्रमण से मुक्त बाजार रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा व्यापारियों को गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित दीपावली प्रतियोगिता में सिटी जोन अंतर्गत तुराब नगर व्यापार मंडल से सुभाष छाबड़ा, अंबेडकर रोड व्यापार मंडल से गौरव गर्ग, चोपला दिल्ली गेट व्यापार मंडल से विनय सिंघल, वसुंधरा जोन अंतर्गत वैशाली उद्योग व्यापार मंडल से संजय रस्तोगी व प्रहलाद दुआ, मोहन नगर जोन अंतर्गत साहिबाबाद व्यापार मंडल से प्रवीण भाटी, कवि नगर जोन अंतर्गत शास्त्री नगर व्यापार मंडल से सुधीर सिंह चौधरी, विजयनगर जोन अंतर्गत प्रताप विहार व्यापार मंडल से पवन शर्मा को पुरस्कृत किया गया इसके साथ-साथ गाजियाबाद नगर निगम प्रकाश विभाग टीम तथा स्वच्छ भारत मिशन टीम के विशेष सहयोग पर प्रशस्ति पत्र दिए गए। गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा व्यापारियों से निगम का सहयोग लगातार करते रहने की अपील की गई। अवैध अतिक्रमण के लिए चल रहे अभियान, पॉलिथीन मुक्त अभियान तथा शहर की स्वच्छता सुंदरता को बनाए रखने हेतु कार्यवाही में विशेष सहयोग देने के लिए अपील की गई। इस मौके पर प्रकाश प्रभारी कामाख्या प्रसाद आनंद, सह प्रकाश प्रभारी आशकुमार, डॉ. अनुज उद्यान प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी, डॉक्टर मिथिलेश तथा प्रकाश विभाग के समस्त निरीक्षक उपस्थित रहे। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम पर व्यापारी वर्ग द्वारा नगर आयुक्त का धन्यवाद किया गया तथा शहर हित में लगातार निगम के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करने के लिए निगम टीम को आश्वासन दिया गया।

# मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

## सेंटर पर आने वाली महिलाओं की नियमित काउंसिलिंग की जाए : प्रतिभा शुक्ला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंत्री प्रतिभा शुक्ला, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद गाजियाबाद के वन स्टॉप सेंटर यूनिट 1 संजय नगर गाजियाबाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय माननीय मंत्री जी द्वारा सेंटर की कार्यप्रणाली और प्राप्त केसों की समीक्षा की गई। मंत्रीजी ने सेंटर मैनेजर को निर्देश दिये कि सेंटर पर आने वाली महिलाओं की नियमित काउंसिलिंग की जाए साथ ही पुलिस विभाग का सहयोग लेते हुए महिलाओं को उनके घर में ही आवासित कराया जाए। मंत्रीजी ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी स्कूलों/विद्यालयों में विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। निरीक्षण के समय मनोज कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, सागर श्रीवास्तव संरक्षण अधिकारी, प्रीति मालिक सेंटर मैनेजर व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।



# आनंद विहार बस अड्डे से कौशांबी वैशाली तक चला निगम का अतिक्रमण अभियान

## वसुंधरा, विजयनगर तथा कवि नगर में निगम ने खाली कराये मार्ग, 82000 वसूला जुर्माना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत सड़कों को खाली करने का कार्य तेजी से चल रहा है जिसमें अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। वसुंधरा जोन अंतर्गत अभियान चलाया गया। लगभग 32000 की वसूली की गई। आनंद विहार बस अड्डे से लेकर कौशांबी तथा वैशाली में अभियान चलाया गया। विजयनगर जोन अंतर्गत जोनल प्रभारी द्वारा मार्गों को खाली कराया गया तथा 20,000 की वसूली की गई। इसी क्रम में कवि नगर जोन अंतर्गत कलेक्टरेट रोड कचहरी के बाहर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया 30,000 की वसूली की गई। जोनल प्रभारी की उपस्थिति में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कवि नगर, विजयनगर तथा वसुंधरा जोन अंतर्गत अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया 82,000 की वसूली हुई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार अतिक्रमण की कार्यवाही को गति दी जा रही है। जोनल प्रभारी क्षेत्र भ्रमण करते हुए अवैध अतिक्रमण को हटा रहे हैं। क्षेत्रीय निवासियों द्वारा गाजियाबाद नगर निगम का मनोबल बढ़ाते हुए उनका धन्यवाद भी किया जा रहा है।





## चोरों ने स्कूल का सब सामान साफ किया, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए 4 युवक



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोनी क्षेत्र में बेखौफ चोर ने एक स्कूल में ताले तोड़कर चोरी कर ली। चोरी की सीसी टीवी फुटेज भी सामने आई है। जहां 4 युवक सुबह साढ़े 3 बजे प्रशांत विहार कॉलोनी स्थित स्कूल में पहुंचे। एक युवक पर ताला काटने का कटर है। जिसके बाद युवक पहले मैन गेट का ताला तोड़ता है, उसके बाद अंदर के कमरों के ताला तोड़कर सारा सामान चोरी कर लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने लोनी थाने में चोरी की तहरीर दी है। लोनी थाना क्षेत्र में नवजीवन आदर्श हायर सेकेंड्री स्कूल प्रशांत विहार के प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने पुलिस को बताया कि 13 दिसंबर की सुबह 3 बजकी 40 मिनट पर चोर ताला तोड़कर स्कूल में घुसे। सीसी टीवी फुटेज में चार युवक सामने आए हैं। जिनमें एक युवक चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए भी है। स्कूल में रखा सारा सामान चोरी कर लिया गया। चोरों ने इंवेर्टर, बैट्री, कम्प्यूटर, एम्पलीफायर, 7 चेयर, चाय की केतली और एक एलईडी चोरी कर ली। पुलिस अब चोरों की तलाश कर रही है।

### स्वागत



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन का शुक्रवार को गाजियाबाद आगमन हुआ। इस मौक पर वो भाजपा नेता एवं पूर्व मेयर प्रत्याशी श्यामवीर चौधरी के आवास पर पहुंचे। जहां पर पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता वियासुद्दीन सलमानी, पार्षद राजेन्द्र तितौरिया ने उनका स्वागत किया।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ईश्वर चंद ने अपनी मैरिज ऐनीवर्सरी के मौके पर उस रिश्ते की मधुरता को याद किया जिसे ईश्वर ने ही उनके लिए बनाया। मैरिज ऐनीवर्सरी पर ईश्वर चंद ने अपनी जीवन साथी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपनी खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।